# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 68 ● कटनी ● मंगलवार, 11 अप्रैल, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● चैत्र मास कृष्ण पक्ष 6 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935


## अमेरिका के लुइसविले, केंटकी में गोलीबारी में 5 की मौत

**लुइसविले, केंटकी, एजेंसी।** अमेरिका के लुइसविले, केंटकी शहर में सोमवार को हुई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई और कम से कम छह अन्य अस्पताल में भर्ती हैं। लुइसविले पुलिस के एक प्रवक्ता ने एक मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि घायलों में एक पुलिस अधिकारी भी शामिल है, जबकि विभाग ने अलग से ट्वीट किया कि संदिग्ध शूटर को मार गिराया गया है। प्रवक्ता ने संवाददाताओं से कहा, इस समय जनता के लिए कोई खतरा नहीं है। गवर्नर एंडी बेशियर ने पहले ट्वीट किया था कि वह घटनास्थल की ओर जा रहे हैं।

## अमृतपाल सिंह के नेपाल भागने की आशंका, अलर्ट

**अमृतसर, ईएमएस।** खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह अभी भी पंजाब पुलिस की पकड़ से बाहर है। इस बीच आशंका जताई जा रही है कि वह नेपाल भाग सकता है। इसको लेकर अलर्ट जारी किया गया है।इससे पहले सोमवार को उस समय पंजाब पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई जब अमृतपाल सिंह के करीबी पपलप्रीत सिंह को दिल्ली से पकड़ लिया गया। पपलप्रीत सिंह को पहले अमृतसर लाया गया और वहां से असम के डिब्रूगढ़ जेल भेज दिया गया। मालूम हो, खालिस्तानी नेता अमृतपाल सिंह 18 मार्च से फरार है और उसे पकड़ने के लिए हजारों पुलिस कर्मियों लगातार तलाशी अभियान चल रहे हैं।

# देश में 79प्रश बढ़ गए कोरोना केस

# कई शहरों में मास्क की वापसी

**नई दिल्ली , एजेंसी।** राजधानी दिल्ली समेत देशभर के कई राज्यों में इन दिनों कोरोना वायरस ने एक बार फिर से टेंशन बढ़ा दी है। इस वक्त देश में कोविड के एक्टिव केस 35 हजार से ज्यादा हैं। सोमवार को देशभर में कोरोना के कुल 5,880 नए मामले मिले। अब ऐक्टिव केसों की संख्या बढ़कर 35,199 पर पहुंच गई है। आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश में चार-चार और गुजरात, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और राजस्थान में एक-एक मरीज की मौत भी हुई है। लखनऊ में भी पिछले 24 घंटों के दौरान संक्रमण के 61 नए मरीज मिले। इनमें सिविल अस्पताल के दो डॉक्टर भी शामिल हैं। इस हफ्ते देश में कोरोना मामलों में 79 फीसदी उछाल देखा गया, जो पिछले सात महीनों में सबसे ज्यादा है। अब कोरोना उन राज्यों में भी फैल रहा है, जहां पिछले सप्ताह केस कम थे। कोरोना से होने वाली मौतों का आंकड़ा भी बढ़ रहा है। इस सप्ताह कोविड से 68 मौतें हुईं, जो पिछले सप्ताह 41 थीं। इस सप्ताह सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए। केरल में हफ्तेभर में 11 हजार 296 नए मामले दर्ज किए गए, जो पिछले हफ्ते की तुलना में 2.4 गुना ज्यादा हैं। इसके बाद महाराष्ट्र में 4587, दिल्ली में 3896, हरियाणा में 2140 और गुजरात में 2030 मामले सामने आए।



### दिल्ली में कोरोना का XBB वेरिएंट डरा रहा

दिल्ली में कोरोना के सोमवार को कुल 484 नए केस सामने आए। इस दौरान कोविड की वजह से 3 लोगों की मौत भी हो गई। दिल्ली में तेजी से बढ़ रहे कोरोना मामले डरा रहे हैं। राजधानी में कोविड संक्रमण दर बढ़कर 26 फीसदी के पार हो गई है। दिल्ली में कोरोना मरीजों की जीनोम सीक्वेंसिंग कराने पर पता चला है कि 98त्न मरीजों में ओमिक्रॉन के सब वेरिएंट XBB की पुष्टि हुई है। एलएनजेपी अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि अभी 273 सैंपल की जीनोम सिक्वेंसिंग की गई है। इसमें से 269 मामले यानी 98.6 प्रतिशत में XBB और इसका सब वेरिएंट ही मिला है। इसमें से सबसे ज्यादा XBB.1.16 (लगभग 71 फीसदी) वेरिएंट मिला है।

### मुंबई में भी वापस आ गया मास्क

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में कोरोना की चौथी लहर आने की आशंका को देखते हुए बीएमसी प्रशासन एलर्ट मोड पर आ गया है। बीएमसी ने मुंबई में 60 साल से अधिक उम्र के नागरिकों से भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क पहनने को कहा है, साथ ही अपने अस्पतालों में काम करनेवाले डॉक्टरों, मेडिकल टीम, कर्मचारियों, मरीजों और विजिटर्स के लिए मास्क अनिवार्य कर दिया है। मुंबई में सोमवार को 95 नए कोरोना मरीज मिले, जबकि एक मरीज की मौत हो गई। वहीं, राज्य में 328 कोरोना के केस सामने आए। मुंबई में पिछले 8 दिनों में 1529 कोरोना के मरीज पाए गए, इस दौरान 3 मरीजों की मौत भी हुई है।

### हिमाचल प्रदेश- कोरोना का कहर, हर 7वां शख्स संक्रमित, 6 दिन में 8 मौतें

हिमाचल में कोरोना वायरस का कहर बढ़ा है. यहां पर रिकॉर्ड तोड़ मामले सामने आए हैं. बीते चौबीस घंटे में इस साल का रिकॉर्ड टूट गया है और 422 कोरोना संक्रमित मिले हैं. फिलहाल, 23 कोरोना मरीज अस्पतालों में भर्ती है, जबकि 424 मरीज सोमवार को ठीक भी हुए हैं. हिमाचल में कोरोना के एक्टिव मामले अब 1762 पहुंच गए हैं. हिमाचल में कोरोना के मामले लगातार बढ़े हैं और यहां पर बीते दो दिन में छह लोगों की मौत भी हुई है. शनिवार और रविवार को ये मौतें हुई हैं.हालांकि, बीते चौबीस घंटे में कोई मौत नहीं हुई है।

### बिहार सरकार खरीदेगी कोविड वैक्सीन

बिहार में सोमवार को कोरोना के 42 केस सामने आए। इसके बाद राज्य में कोविड के एक्टिव केस बढ़कर 109 हो गए हैं। राजधानी पटना में 68 फीसदी एक्टिव केस हैं। वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वैक्सीन को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि बिहार को केंद्र की ओर से कोविड वैक्सीन नहीं मिल रही है। अब बिहार सरकार खुद वैक्सीन खरीदेगी और लोगों को मुहैया कराएगी।

### राजस्थान में भी तेजी से फैल रहा कोविड

राजस्थान में भी कोरोना मामलों में इजाफा देखने को मिल रहा है। राज्य में सोमवार को कोरोना के कुल 197 नए मामले सामने आए, वहीं तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं राज्य में एक्टिव मामलों की संख्या बढ़कर 804 हो गई है। कोरोना का बढ़ते प्रकोप के चलते अब चिकित्सा विभाग भी अलर्ट मोड पर है।

## » न्यूज गैलरी

### सलमान को फिर धमकी कॉल करने वाले ने नाम रॉकी भाई बताया


**मुंबई, एजेंसी।** सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। मुंबई पुलिस को सोमवार को एक व्यक्ति ने कॉल पर यह धमकी दी।



पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपना नाम रॉकी भाई बताया है। कॉल करने वाले ने कहा कि वो राजस्थान के जोधपुर का रहने वाला है और 30 अप्रैल को सलमान को मार देगा। इससे पहले भी सलमान को धमकाया जा चुका है। इस मामले में जोधपुर के रहने वाले धाकड़राम को गिरफ्तार किया गया है। उसने सलमान के ऑफिशियल मेल पर 3 ई-मेल किए थे। इसमें लिखा था कि सलमान खान अगला नंबर तेरा है, सिद्धू मूसेवाला की तरह मारा जाएगा तू जोधपुर आते ही। अगला नंबर तेरा है। आजा जोधपुर।

### नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस में शख्स ने गोली मारकर आत्महत्या की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुवाहटी से दिल्ली जा रही नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के



जनरल डिब्बे में एक शख्स ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। ये घटना सोमवार रात करीब 8 बजे पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन के पास हुई। नॉर्थ ईस्ट फ्रंटीयर रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि मृतक के पास से कोई डॉक्यूमेंट नहीं मिला है। उसकी पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

### UP के भाजपा विधायक को मिली जान से मारने की धमकी, FIR दर्ज

**भदोही, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में भाजपा विधायक दीनानाथ



भास्कर को एक व्यक्ति ने गाली दी और जान से मारने को धमकाया है। पुलिस ने आरोपी दिलीप दुबे के खिलाफ FIR दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक आरोपी का एक ऑडियो भी सामने आया है।

### RCB कप्तान फाफ डु प्लेसिस पर लगा 12 लाख का फाइन

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ सुपरजायंट्स के साथ हुए मुकाबले में ओवर रेट स्लो होने की वजह से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डु प्लेसिस पर



12 लाख रुपए का फाइन लगाया गया है। ये इस सीजन में RCB का IPL के कोड ऑफ कंडक्ट का पहला उल्लंघन था। लखनऊ सुपरजायंट्स के आवेश खान को भी कोड ऑफ कंडक्ट तोड़ने के लिए फटकार लगाई गई, जिसके बाद उन्होंने अपनी गलती मान ली।

### बारामूला में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, दो मददगार गिरफ्तार

**बारामूला, ईएमएस।** जम्मू-कश्मीर बारामूला पुलिस और सेना ने एक



आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और लश्कर के आतंकवादियों की मदद करने वाले फारूक अहमद पारा और साइमा बशीर को हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया। दोनों पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## आज वायनाड जाएंगे राहुल गांधी, रोड शो के जरिए दिखाएंगे ताकत

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी संसद सदस्यता खोने के बाद पहली बार आज अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड (केरल) का दौरा करेंगे। इस दौरान वह एक रैली को संबोधित करेंगे। साथ ही रोड शो के जरिए शक्ति प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे।



2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल वायनाड सीट से ही जीतकर संसद पहुंचे थे। अब जब मानहानि मामले में उनकी संसद सदस्यता जा चुकी है तो वायनाड सीट पर जल्द उपचुनाव कराए जा सकते हैं।मोदी सरनेम विवाद पर गुजरात के सूरत की अदालत ने राहुल को दोषी ठहराते हुए दो साल जेल की सजा सुनाई थी। जनप्रतिनिधि कानून के तहत उनकी संसद सदस्यता भी चली गई थी। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि वायनाड सीट पर राहुल गांधी की लोकप्रियता बरकरार है। ऐसे में अगर राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लग जाती है और राहुल गांधी 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ते हैं तो संभव है कि वह वायनाड सीट से ही अपनी किस्मत आजमा सकते हैं।

### शिकायतकर्ता सूरत कोर्ट में आज करेंगे जवाब पेश

मानहानि मामले में अदालत की सजा के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अपील के विरोध में शिकायतकर्ता विधायक पूर्णेश मोदी मंगलवार को अपना जवाब पेश करेंगे। सूरत की स्थानीय अदालत ने 29 मार्च को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को 2019 के एक मामले में 2 साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद उनकी लोकसभा सदस्यता निरस्त हो गई थी। पूर्व मंत्री एवं भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी के वकील केतन रेशमवाला ने बताया कि मानहानि मामले में राहुल गांधी की सत्र कोर्ट में अपील के बाद 11 अप्रैल को मोदी की ओर से जवाब पेश किया जाएगा।

## रात में DJ बजाकर काट रहे थे गेहूं

### किसानों का जोश देख लोगों का दिल खुश हो गया




■ सीकर, एजेंसी।

गेहूं की फसल की कटाई का सीजन चल रहा है। पर ये काम आसान नहीं। फसल काटने में किसानों के पसीने छूट जाते हैं। ऐसे में जब सोशल मीडिया की जनता ने रात के समय गेहूं की कटाई करते कुछ किसानों का वीडियो देखा तो उनका दिल खुश हो गया! क्योंकि भैया... फसल की कटाई के दौरान खेत में डीजे भी बज रहा था। डीजे की जगमग लाइट से खेत रोशन था और उसके दमदार म्यूजिक ने फसल काट रहे किसानों का जोश फुल हाई कर रखा था। वीडियो में साफ देखा जा रहा है कि डीजे पर फुल साउंड में च्चुन्नी में...ज्गाना बज रहा है, और महिलाए व पुरुष लावणी (फसल की कटाई) कर रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो राजस्थान के सीकर जिले का है। यह वीडियो इंस्टाग्राम यूजर च्सोनू चौधरी ने 27 मार्च को पोस्ट किया था, जिसे खबर लिखे जाने तक 3 लाख 71 हजार से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। सैकड़ों यूजर्स इस पर कॉमेंट कर रहे हैं। एक बंदे ने लिखा कि मुझे भी आना है। दूसरे ने लिखा- यो हरियाणा है प्रधान। अन्य ने लिखा कि पूरा माहौल बना रखा है। इसी तरह से कुछ यूजर ने मजे भी लिए। जैसे एक ने कहा कि लगता है डीजे इन भाई का ही है, तो एक ने लिखा कि दूसरे दिन इनके घर शादी होगी।

## सीनियर अधिकारी से विवाद के बाद टीआई ने छोड़ा थाना

### बोले- इस माहौल में काम नहीं कर सकते


■ इंदौर, ईएमएस।

इंदौर में पहली बार ऐसा हुआ है जब कोई टीआई बिना हटाए थाने से चला गया हो। मामला एरोड्रम थाने का है। विवाद के बाद टीआई ने निजी कारणों का हवाला देकर थाना छोड़ना बताया है और पुलिस कमिश्नर का कहना है कि लिखित में विवाद की कोई शिकायत नहीं की गई है। 8 अप्रैल को टीआई संजय शुक्ला का अपने सर्कल के एक आईपीएस अफसर से फोन पर विवाद हो गया। अफसर ने टीआई को फोन कर पेंडिंग अपराधों की जानकारी मांगी और गंभीर अपराधों का जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए। इस दौरान टीआई और आईपीएस अफसर की बातचीत में गरमा गरमी हो गई। इसके बाद काफी देर तक दोनों के बीच वाट्सएप पर भी चैटिंग के जरिए बहस होती रही। इसके बाद टीआई ने फोन कर अफसरों को इसकी जानकारी दी और कहा कि इस तरह के माहौल में काम नहीं कर सकते, इसलिए वे खुद ही थाना छोड़कर जा रहे हैं। 9 अप्रैल की रात टीआई ने थाने पर खुद की रवानगी डाली और चले गए। हालांकि, इसमें उन्होंने निजी कारणों का हवाला दिया है।



**एसआई को दिया प्रभार-** इस घटना के चलते पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया और तुरंत ही मल्हारगंज थाने पर पदस्थ एसआई कल्पना चौहान को एरोड्रम थाना प्रभारी बनाया गया।

**लिखित शिकायत नहीं दी-** इस मामले में कमिश्नर मकरंद देऊस्कर ने कहा है कि कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। टीआई ने आवेदन दिया है कि वे थाने से रिलीव होना चाहते हैं और इसके लिए उन्होंने निजी कारण बताए हैं।

यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें

मो. 9407348995, 7999718732


### केंद्र पर बरसीं सोनिया गांधी

## जबरन चुप कराने से हल नहीं होंगी समस्याएं

## लोकतंत्र पर चोट कर रही मोदी सरकार

■ नई दिल्ली, एजेंसी।



कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने एक अंग्रेजी अखबार के लिए लिखे एक संपादकीय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने जबरन चुप कराना भारत की समस्याओं को हल नहीं कर सकता शीर्षक वाले लेख में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान आज के सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों की उपेक्षा करने या इन मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र में पीएम मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने देश के लोकतंत्र के सभी तीन स्तंभों को व्यवस्थित रूप से खत्म किया है। सोनिया ने संसद में हुई हाल की घटनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने सत्रों को बाधित करना सरकार की रणनीति बताई। कहा, विपक्ष को बेरोजगारी, मुद्रास्फीति, बजट, अदाणी घोटाला और सामाजिक विभाजन जैसे मामलों को उठाने से रोका गया।

**बेजोड़ उपायों का सहारा ले रही सरकार-** सोनिया गांधी ने लोकसभा सांसद के रूप में राहुल गांधी की अयोग्यता और उनके भाषण के कुछ हिस्सों को संसदीय रिकॉर्ड से निकाले जाने पर भी बात की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को एक मजबूत विपक्ष से मुकाबला करने के लिए बेजोड़ उपायों का सहारा लेना पड़ रहा है।

## चूहे की पूंछ में पत्थर बांधकर मारने वाले शख्स के खिलाफ 30 पेज की चार्जशीट, कोर्ट में चलेगा केस

■ बदायूं, एजेंसी।

बदायूं पुलिस ने चूहे को मारने वाले आरोपी के खिलाफ कोर्ट में 30 पेज की चार्जशीट दाखिल की है। आरोप है कि 25 नवंबर 2022 को मनोज ने चूहे को पत्थर से बांधकर नाले में फेंक दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। कोर्ट ने सोमवार को इसे स्वीकार कर लिया है। अब कोर्ट में केस चलेगा। बदायूं के दारोगा राजेश यादव के मुताबिक, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पशु क्रूरता आई है। इसलिए आरोपी मनोज के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है। कोर्ट ने अब उसे स्वीकार कर लिया हैं। बदायूं निवासी मनोज पर आरोप है कि 25 नवंबर 2022 को चूहे की पूंछ में पत्थर बांधकर नाले में डुबो दिया था। पशु प्रेमी विकेंद्र ने मनोज का विरोध भी किया था लेकिन, मनोज ने चूहे को मार दिया। विकेंद्र ने इसका वीडियो बना लिया। विकेंद्र ने मनोज के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। विकेंद्र ने चूहे के शव को नाले से निकाला था, इसके बाद पुलिस ने बरेली में पोस्टमॉर्टम कराया था। बरेली आईवीआईआर के डॉ. अशोक कुमार और डॉ. पवन कुमार ने चूहे के शव का पोस्टमॉर्टम किया था। मौत कि वजह दम घुटना बताया था। पुलिस ने मनोज को हिरासत में ले लिया था। फिलहाल, मनोज जमानत पर है। बरेली आईवीआईआर के जॉइंट डायरेक्टर डॉ. केपी सिंह के मुताबिक टीम ने जांच में पाया कि चूहे के फेफड़े खराब थे और सूजन भी थी। लिवर में भी इंफेक्शन था। जांच के आधार पर डॉक्टरों ने मना था कि उसकी मौत दम घुटने से हुई है। मरने से पहले जोर-जोर से सांस लेने के कारण फेफड़े की नली फटी हुई थी।

## राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा छिनने के फैसले को अदालत में चुनौती दे सकती है टीएमसी, भाजपा ने कसा तंज

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा छिनने के बाद ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस, चुनाव आयोग के फैसले को अदालत में चुनौती देने पर विचार कर रही है। इसके लिए पार्टी फिलहाल विकल्पों की तलाश कर रही है। बता दें कि चुनाव आयोग ने सोमवार को अपने एक फैसले में तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा छीन लिया। चुनाव आयोग के इस फैसले पर टीएमसी ने अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है लेकिन पार्टी नेताओं का कहना है कि टीएमसी इस फैसले को कानूनी तौर पर चुनौती देने के विकल्प तलाश रही है। वहीं टीएमसी के राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा छिनने पर भाजपा ने तंज कसा है।

## हाईकमान की चेतावनी के बावजूद पायलट का अनशन

**जयपुर, यशभारत।** सचिन पायलट अब सीएम अशोक गहलोत की नहीं कांग्रेस पार्टी के लिए भी बड़ा सिरदर्द बनते नजर आ रहे हैं। पायलट ने गहलोत सरकार के खिलाफ मंगलवार को घोषित अनशन पिछली बीजेपी की वसुंधरा सरकार के घोटालों और भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर करने की घोषणा की है। वहीं, कांग्रेस पार्टी गहलोत सरकार की जनहित की योजनाओं और उपलब्धियों के दम पर विधानसभा चुनाव में उतरने का ऐलान कर चुकी है। ऐसे में सचिन पायलट का अनशन न केवल गहलोत सरकार के पब्लिक नैरेटिव को डैमेज करेगा, बल्कि कांग्रेस पार्टी को भी विधानसभा चुनाव में बड़ा नुकसान पहुंचाएगा।

## चुनाव लड़ने के इच्छुक जिलाध्यक्षों को पहले देना होगा इस्तीफा

### BJP संगठन नेताओं के बीच हुआ फैसला, सियासी हलचल तेज

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश बीजेपी ने आगामी चुनावों को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। भोपाल से लेकर दिल्ली तक बैठकों का दौर चल रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को भोपाल के पास राधा की ढाणी में बुथ विस्तार को लेकर बड़ी बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव और प्रदेश संगठन महामंत्री हितांनाद शर्मा शामिल हुए।

### जिला अध्यक्ष को चुनाव लड़ने से पहले देना होगा इस्तीफा

बैठक में जिला अध्यक्षों के चुनाव लड़ने को लेकर बड़ा फैसला किया गया। बैठक में फैसला हुआ है कि बीजेपी जिला अध्यक्ष को चुनाव नहीं लड़ाएगी, वही



चुनाव लड़ने के इच्छुक जिला अध्यक्षों को पहले इस्तीफा देना होगा। बता दे कि बीते दिनों बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बीजेपी कोर कमेटी की बैठक में एमपी भाजपा के नेताओं को चुनाव को लेकर बड़ी नसीहत दी थी, जिसके बाद सीएम शिवराज सिंह चौहान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने बंद कमरे में एक बड़ी बैठक की थी और इसके बाद आज मंगलवार को फिर संगठन के नेताओं के साथ बैठक की गई और इसके बाद यह फैसला लिया गया कि चुनाव लड़ने के लिए जिला अध्यक्षों को पहले इस्तीफा देना होगा।

### विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में जिलाध्यक्ष

इस पूरे घटनाक्रम को नड्डा की नसीहत से जोड़कर देखा जा रहा है। चुंकी इस साल के अंत में एमपी में विधानसभा चुनाव होने है और कई ऐसे जिले हैं जहां के जिलाध्यक्ष चुनाव लड़ने के लिए तैयारी कर रहे हैं, ऐसे में संगठन ने अलग अलग जिलों में बदलाव की तैयारी भी शुरु कर दी है। खबर है कि जिलों में टिकट की दावेदारी के इच्छुक जिलाध्यक्षों को जल्द पदमुक्त किया जा सकता है, उनकी जगह नए नेताओं को मौका दिया जा सकता है।

## बांधवगढ़ में हाथी को खा गए टाइगर

■ उमरिया, यशभारत।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया में बाघों ने एक हाथी का शिकार कर लिया। सोमवार सुबह 11 बजे इस 2 साल के हाथी का शव मिला। ये शव वन परिक्षेत्र पनपथा कोर के बीट चितरांव बड़वाह मूड़ा में मिला। शव के गले पर बाघों के दांतों, नाखूनों के गहरे निशान मिले, जबकि पिछला हिस्सा काफी हद तक गायब था। बांधवगढ़ के क्षेत्र संचालक राजीव मिश्रा के मुताबिक मप्र में हाथी को बाघ द्वारा मारकर खाने का ये संभवत-पहला मामला है। हाथी को घसीटा गया। उसके बाघ से संघर्ष के निशान भी मिले हैं। शव का पोस्टमॉर्टम करने वाले वेटरनरी डॉ. नितिन गुप्ता ने बताया कि ये रेयर टू रेयरिस्ट केस है। हाथी का कम से कम 3 बाघों ने मिलकर शिकार किया है। शिकार के बाद एक बाघ करीब एक घंटे वहीं बैठा रहा। चौकीदारों ने इसकी पुष्टि की है। हाथी की उम्र 2 साल, जबकि लंबाई 134 सेंटीमीटर है। इससे पहले कर्नाटक में एक ऐसी घटना हुई थी, लेकिन कभी हाथी के झुंड पर बाघ के हमले की कोई घटना रिकॉर्ड में नहीं हुई।

## इसे कहते हैं चमत्कार! बेटी के कैंसर में मां ने लुटा दी जीवनभर की कमाई

■ वॉशिंगटन, एजेंसी।

फ्लोरिडा के लैकलैंड की एक महिला अचानक से करोड़पति बन गई है. दरअसल, उसने 2 मिलियन डॉलर (16 करो? 40 लाख से अधिक) का एक लॉटरी प्राइज जीता है. महिला का नाम गेराल्डिन गिम्बलेट जिसने अपनी जीवनभर की बचत को बेटी के कैंसर की इलाज के लिए लगा डाला. न्यूयॉर्क पोस्ट के अनुसार, गिम्बलेट की बेटी ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही थी, लेकिन अब गिम्बलेट को दोहरा जश्न मनाने का मौका मिला गया है, क्योंकि बेटी का इलाज भी पूरा हो गया है और महिला को ढेर सारी राशि भी लाटरी जीतने में मिल गई है. फ्लोरिडा लॉटरी से एक प्रेस रिलीज के अनुसार, गिम्बलेट अपनी बेटी के कैंसर के उपचार के अंतिम दौर को समाप्त करने के अगले दिन, लैकलैंड के एक गैस स्टेशन पर 2 मिलियन डॉलर का एक लॉटरी टिकट खरीदी. गैस स्टेशन क्लर्क ने कहा कि कोई टिकट नहीं बचा है, लेकिन महिला ने उसे दोबारा ढूंढ़ने को कहा क्योंकि उसे क्रॉसवर्ड गेम सबसे अच्छा लगता. उसे आखिरी वाला मिल गया था. गिम्बलेट को जल्द ही पता चला कि उसने खेल का शीर्ष पुरस्कार जीत लिया है. इसके बाद तल्हासी में स्थित फ्लोरिडा लॉटरी मुख्यालय में गिम्बलेट का पूरा परिवार पहुंचा. गिम्बलेट ने बेटी और पोती संग पुरस्कार के साथ पोज देते हुए तस्वीरें खिंचवाई. यह पोस्ट फ्लोरिडा लॉटरी द्वारा ट्विटर पर साझा की गई है।




अचानक बदली किस्मत और बन गई करोड़पति

# अहाते बंद अब ढाबों में बैठाकर पिलाई जा रही शराब

## नियमों का खुलेआम हो रहा उल्लंघन, आबकारी विभाग ने साधी चुप्पी



यू-ट्यूब की खबरें देखने के लिए स्केन करें क्यूआर कोड

**जबलपुर, यशभारत।** एक अप्रैल से लागू की गई नई आबकारी नीति के तहत शराब दुकानों के अहातों को बंद करा दिया गया है लेकिन इन निर्देशों की जिले में खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। अहाते बंद होने की वजह राज्य सरकार को भले ही हजारों करोड़ा का नुकसान हुआ हो लेकिन न तो शराब पीने वालों की संख्या में कमी आई है और न ही शराब का ठेका लेने की सेहत पर कोई असर हुआ है। अहाते बंद होने के बाद ढाबों ओर रेस्टारेंटों के साथ ही अन्य स्थानों पर खुलेआम न केवल शराब बेची जा रही है बल्कि बैठाकर अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही है। इस पूरे मामले में शराब ठेकेदरों को आबकारी विभाग के अधिकारियों का संरक्षण मिला हुआ है। यही कारण है कि हाईवे स्थित होटल, ढाबों और रेस्टोरेंटों में अवैध शराब का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। विदित हो कि मध्यप्रदेश में 1 अप्रैल से नई आबकारी नीति लागू की गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्देश दिए थे कि प्रदेश में एक भी अहाते चालू नहीं रहने चाहिए। निर्देशों में यह भी कहा गया था कि जिले के नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्र में कहीं भी अहातों का संचालन नहीं होगा। शराब दुकानों के साथ लगे अहातों को एक अप्रैल से बंद कर दिया जाएगा। लेकिन जिले में इन निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है। शिकायतों में बताया गया है कि कई स्थानों पर खुलेआम अहातों का संचालन हो रहा है। इस पर कोई रोकटोक नहीं है। एक रेट में नहीं मिल रही शराब राज्य में नई आबकारी नीति लागू होने के कारण अब दुकानदार शराब को मनमर्जी कीमत पर नहीं बेच सकते। सरकार द्वारा तय किए गए कीमत पर ही शराब बेची जाएगी, इसके साथ ही शराब की दुकानों में सभी तरह के ब्रांड रखने होंगे। दुकानदार ग्राहक को किसी एक ब्रांड की शराब खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकता है। सभी शराब दुकानों में सभी ब्रांड की शराब मिलेगी। इन निर्देशों का भी खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। दुकानों में रेट लिस्ट नहीं लगाई गई है और मनमानी कीमत पर शराब बेची जा रही है।

### अब बैठकर नहीं पी सकेंगे शराब

मध्यप्रदेश सरकार ने शराब की खपत को कम करने के उद्देश्य से राज्य में सभी अहातों को बंद करने का फैसला लिया था। सरकार का मानना है कि अहातों के बंद होने से लोगों के शराब पीने वालों में कमी होगी। 1 अप्रैल से धार्मिक संस्थानों या शिक्षण संस्थानों से 100 मीटर की दूरी पर शराब की दुकान खोलने पर प्रशासन कार्रवाई करेगा, इसके साथ ही शराब के नशे में गाड़ी चलाते हुए पाए जाने पर ड्राइवर का लाइसेंस कैंसिल कर दिया जाएगा। नए नियम लागू होने के बाद पुलिस की सख्ती भी बढ़ गई है।

### पहले था 50 अब किया 100 मीटर

जबलपुर सहित पूरे प्रदेश की बात करें तो एक अप्रैल के पहले कई शराब दुकानें मंदिर, प्राइवेट व सरकारी स्कूलों के नजदीक चल रही थीं। पहले मंदिर और स्कूल से 50 मीटर की दूरी पर शराब दुकान नहीं होने का नियम था, अब इसे 100 मीटर कर दिया गया है। इस नियम के लागू होने के बाद कटनी में कई स्थानों पर शराब दुकानों को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया है।

### ड्राइविंग लाइसेंस भी होगा निलंबित

राज्य सरकार द्वारा लागू की गई नई शराब नीति के तहत ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित होने का भी प्रावधान किया गया है। यदि कोई वाहन चालक शराब पीकर वाहन चलाता पकड़ा गया तो उसे जुर्माना देना होगा, दूसरी बार फिर वही व्यक्ति शराब पीकर वाहन चलाते मिला तो उसका ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कर दिया जायेगा।



# डॉ. पवन स्थापक पी.एस.सोन अवार्ड से सम्मानित

**जबलपुर ,यशभारत।** म.प्र. स्टेट ओफ्थल्मिक सोसाइटी की मिड–टर्म और जबलपुर डिविजनल ओफ्थल्मिक सोसाइटी की थर्ड डॉ. आर.के.मिश्रा मेमोरियल कांफ्रेंस इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हाउस राइट टाउन में सम्पन्न हुई । इस कांफ्रेंस में पूरे देश और मध्यप्रदेश के नेत्र रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया । डॉ.पवन स्थापक को डॉ. पी. एस. सोन अवार्ड जो की नेत्र चिकित्सा सेवा में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा सेवा के लिए प्रदान किया जाता है वो अवार्ड दिया गया ‫‬ स्मरणीय है कि डॉ. पवन स्थापक ने देवजी नेत्रालय के माध्यम से अभी तक 16 जिलों में 17 लाख के ऊपर मरीजों का नि:शुल्क नेत्र परिक्षण एवं उपचार किया है और देवजी नेत्रालय के माध्यम से 198000 मरीजों का नि:शुल्क नेत्र ऑपरेशन किया है । कोविड काल में देवजी नेत्रालय को कोविद हॉस्पिटल में बदल कर मरीजों कि नि:शुल्क रूप से जान कि रक्षा कि है यह सब ध्यान में रखते हुए कांफ्रेंस के निर्णायक मंडल ने उन्हें डॉ. पी. एस. अवार्ड के लिए चयनित किया।

### कैलाश विजयवर्गी ने स्वामी राघव देवाचार्य से लिया आशीर्वाद



**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर प्रवास के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गी ने जगद्गुरु स्वामी राघव देवाचार्य जी की कुटी में पहुंच कर आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया।



# महाराणा प्रताप जयंती पर निकलेगी शौर्य यात्रा

**जबलपुर, यशभारत।** महाराणा प्रताप की जयंती को लेकर बैठक का आयोजन अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मप्र के द्वारा, पुराने बस स्टैंड स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह की अध्यक्षता एवं संयोजक जगत बहादुर सिंह अन्नू भैया व जी. एस. ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। बैठक में 22 अप्रैल को महाराणा प्रताप जयंती पर समस्त क्षत्रिय राजपूत समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार आयोजित की जाने वाली भव्य शौर्य यात्रा को भव्य रूप से मनाने व सांस्कृतिक आयोजन की तैयारियों पर चर्चा की। कार्यक्रम को भव्य और गरिमामयी बनाने के लिए क्षत्रिय महा सभा के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने सभी सजातिय बंधुओं से शौर्य यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की। साथ ही कहा की महराणा प्रताप क्षत्रियों और राजपूतों के अकेले महानायक नहीं थे वे भारतवर्ष के महानायक थे। इसलिए हम सब को उनकी शौर्य यात्रा को एक जनादेश के रूप में मनाना चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से दिलीप ठाकुर, हरीश ठाकुर, पुष्पराज सिंह चौहान, विवेक सिंह, विनोद सिसोदिया, पुष्पेंद्र सिंह (पीयूष), रंजीत ठाकुर, बबलू ठाकुर, प्रवेंद्र चौहान, सुरेंद्र सिंह एवं समस्त क्षत्रिय बंधु उपस्थित रहे। बैठक के अंत में महाराणा प्रताप जयंति के उपलक्ष में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा अवकाश घोषित करने पर, समस्त क्षत्रिय समाज में हर्ष व्याप्त है। सभा के समस्त पदाधिकारिओं ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का आभार व्यक्त किया।।

# शशि धुर्वे बनी जीआरपी थाना प्रभारी.



**जबलपुर यश भारत** । जबलपुर जीआरपी आदर्श थाने का नया प्रभार शशि धुर्वे ने संभाल लिया है पदभार संभालते ही जीआरपी द्वारा उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया उल्लेखनीय है कि शशि धुर्वे शहर के अनेक स्थानों में पदस्थ रहते हुए कई गंभीर अपराधों का खुलासा किया है शशि धुर्वे को जीआरपी थाने का पदभार ग्रहण करने के बाद ट्रेनों एवं यात्रियों की सुरक्षा के लिए नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा बता दें कि इसके पूर्व सुनील नेमा जीआरपी थाना के टीआई रहे जिनकी पदोन्नति डीएसपी रेल कटनी मैं होने के बाद इस थाने का प्रभार एल पी कश्यप ने संभाला था श्री कश्यप ने गंभीर अपराधों की रोकथाम के लिए अहम भूमिका निभाई थी।

# मई के अंत तक आएगा 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम



**जबलपुर, यशभारत।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं। 19 लाख विद्यार्थियों की एक करोड़ 30 लाख उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य तेजी से शुरू हुआ है। 15 मार्च तक हुई परीक्षाओं का मूल्यांकन 17 मार्च से शुरू हुआ था।दूसरे चरण का मूल्यांकन कार्य शुरू कर दिया गया है। मूल्यांकन कार्य अब तेजी से जारी है। मूल्यांकन के पहले मंडल की कमेटी द्वारा हो चुके प्रश्न-पत्रों की जांच की गई। इसमें कई प्रश्नों में गलती निकली है। इसे लेकर मंडल ने कई विषयों में विद्यार्थियों को बोनस अंक दिए हैं। 10वीं के दो और 12वीं के चार प्रश्नपत्रों में बोनस अंक दिए गए हैं। परीक्षा का परिणाम मई माह के अंत तक घोषित होने की उम्मीद है।

### इन विषयों में मिलेंगे बोनस अंक

10वीं के सामाजिक विज्ञान में चार अंक, हिंदी में दो अंक दिए जाएंगे। वहीं, 12वीं के संस्कृत में चार अंक और हिंदी में एक अंक दिया जाएगा। इसी तरह भौतिकी में चार अंक व गणित में चार अंक मिलेंगे।

### आठ मई तक पूरा होगा मूल्यांकन

मंडल की 12वीं की परीक्षा पांच अप्रैल को समाप्त हुई है। अभी तक मूल्यांकन कार्य धीमी गति से चल रहा था। मूल्यांकन का दूसरा चरण शनिवार से शुरू हुई है। इसके बाद मूल्यांकन की गति में तेजी आएगी। मूल्यांकन कार्य आठ मई तक पूरा होने की संभावना है। इसके बाद 10वीं व 12वीं का परिणाम बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी। करीब पांच दिन रिजल्ट बनाने में लगेंगे। मई के अंतिम सप्ताह तक परिणाम घोषित होने की संभावना है।

# एक पहल जनसेवा समिति का वार्षिकोत्सव, विशिष्टजनों का सम्मान





**जबलपुर, यशभारत।** एक पहल जनसेवा समिति के सफलतम एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समिति के सदस्यों द्वारा पहला वार्षिकोत्सव ( स्थापना दिवस ) बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें समाज सेवा में उत्कृष्ट सेवा देने वालीं सम्माननीय विशिष्टजनों का भी सम्मान किया गया । साथ ही उनके समाज सेवा से जुड़े अनुभवों को भी साझा किया गया । कार्यक्रम में समिति से जुड़े सभी सदस्यों को भी प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आराधना चौहान अंजू भार्गव बिंदु पाण्डे शैलजा सुलेरे कल्पना मिश्रा रहीं । कार्यक्रम की अध्यक्षता श्वेता गोंटिया ने की । कार्यक्रम का संचालन रिशिता रावत , श्रद्धा तिवारी , रत्ना राजपूत , रजनी तिवारी , अनु आनंद , नेहा पलिया नीति दीक्षित , साधना शुक्ला ने किया ।



# भगवान श्री परशुराम के नाम पर जबलपुर के एक चौराहे का नाम परिवर्तन करने हेतु ज्ञापन

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर ब्राम्हण समाज मध्यप्रदेश के तत्वावधान में महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू ,नगर निगम जबलपुर अध्यक्ष रिंकु बिज , नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल को आराध्य भगवान श्री परशुराम के नाम पर जबलपुर के एक चौराहे का नाम परिवर्तन करने हेतु ज्ञापन दिया गया । इस अवसर पर जबलपुर शहर के सभी ब्राम्हण समाज मंचो ने एकजुट होकर बड़ी संख्या में नगरनिगम जबलपुर में एकत्र होकर जय परशुराम का जयघोष करते हुए ज्ञापन दिया और महापौर से निवेदन किया गया कि आगामी परशुराम जयंती के पूर्व शहर के सभी विप्रजनों को यह सौगात मिले। इस अवसर पर पं. श्री राम दुबे, पं. विजयकांत तिवारी, पं. संजय सरैया, पं. छत्रपाल शुक्ला, पं. राजू शर्मा, पं. नवीन शुक्ला, श्याम सुन्दर चौबे, संजय गौतम, पं. विनोद शर्मा, पं. श्रीमती शिखा शर्मा, पं श्रीमती भगवती भरद्वाज पं. श्रीमती शोभा तिवारी, पं. गुदा त्रिपाठी, पं. शक्ति शुक्ला के साथ ही बड़ी संख्या में विभिन्न ब्राम्हण मंचों के पुरुष एवं मातृशक्ति उपस्थिति रहें।


### दुर्गा नगर रामपुर में विश्व होमियोपैथी दिवस मनाया

# 172 रोगियों का हुआ उपचार





**जबलपुर, यशभारत।** आयुष विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा जिला आयुष अधिकारी डा अर्चना मरावी के मार्गदर्शन मे दुर्गा नगर रामपुर में विशाल निशुल्क होम्यो पैथिक शिविर का आयोजन किया गया विश्व होम्यो पैथीक दिवस डॉ हैनिमैन जी के जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष मनाया जाता है इस वर्ष भी भारत सरकार द्वारा दी गए थीम होम्यो परिवार सर्व जन स्वाथ्यय वन हेल्थ वन फैमिली के तहत मनाया गया जिसमे डॉ सरोज सिंह ने 172 रोगी का उपचार कर औषधि वितरण किया शिविर में जन प्रतिनिधि ओम प्रकाश महावार महिला बाल विकास सुपर वायजर श्रीमती लता टेकाम प्रधान अध्यापक सुनील पचौरी तथा श्रीमती उषा प्रजापति आगनवाड़ी कार्यकर्ता वा अन्य लोगों की उपस्थिति रही।



# सूपाताल कर्बला के पास विशाल अफ़्तार ए आम का एहतेमाम

जबलपुर, यश भारत। पश्चिम विधानसभा के विधायक श्री पंडित तरुण भनोत द्वारा गढ़ा स्थित सूपाताल कर्बला के पास विशाल अफ़्तार ए आम का एहतेमाम किया गया है। अफ़्तार मे तमाम रोज़ेदारो से शिरकत की गुजारिश विधायक तरुण भनोट, गौरव भनोट,व क्षेत्रीय जनों ने की है।

हमारे प्रेरणास्त्रोत पत्रकार अरूण शुक्ला
आशीष कंसल्टेंसी
Email-ajayshukla2680@gmail.com
मो. 9425154156, 9826176903
नामांतरण, डायवर्सन, सीमांकन, बटवारा, वसीयतनामा इत्यादि
पता - आशीष ट्रांसपोर्ट बलदेव बाग जबलपुर

यश भारत
क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)
• आवश्यकता • प्रापर्टी • लोन • मकान •
• दुकान/आफिस खरीदना बेचना •
• ज्योतिष • शिक्षण • ट्रेवल्स व अन्य •
1 माह Rs.1800/- | 15 दिन Rs.1200/- | 7 दिन Rs.500/- | 3 दिन Rs.250/- | 1 दिन Rs.150/-
व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ
भवन नामांतरण | आम सूचना | इश्तहार | गुमशुदा | नाम सुधार | जन्मदिन
बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. : 9522920552, 9425160507
e-mail : jabalpur@yasshbharat.com

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

तांडव
दर्द का जानी दुश्मन
गठियावात | कमर दर्द | जोड़ो का दर्द | सूजन | मासपेशीयों का दर्द
तांडव तेल
सभी प्रकार के वात रोगों में उपयोगी
TANDAV HERBAL PHARMACY Customer Care : +91 7974979179

एडमीशन ओपन
A name of Quality Education
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
अधारताल/गोहलपुर जबलपुर
चुने यही स्कूल क्योंकि यहां से
अधिकतम छात्र IIT/NEET/ICAR में सलेक्ट होते हैं।
अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, लैब, कम्प्यूटर लैब
प्रतिवर्ष बोर्ड कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ परिणाम
10th/12th में परसेंट बढ़ाने CBSE/ICSE से एम.पी. बोर्ड में एडमीशन पर स्पेशल डिस्काउन्ट
इसी माह की पेपर कटिंग लाने पर स्पेशल डिस्काउंट
हॉस्टल एवं बस सुविधा उपलब्ध
30 अप्रेल तक Admission लेने पर वाहन सुविधा फ्री
लिमिटेड सीट
Mrs. Sonal Tiwari (Principal)
गुलाब टॉवर, स्टेट बैंक के पास अधारताल, मो. 7987974850, 6263988587, 0761-4020761
शंकर पटेल मार्केट, अमखेरा रोड, गोहलपुर चौक जबलपुर मो. 9111009016, 0761-4111321

सांई हॉस्पिटल
इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी एवं सांई टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. श्रीमति राखी बाजपेयी
MBBS,MS. (OBS & GYM)
टेस्ट ट्यूब बेबी, बांझपन व गायनिक एण्डोस्कापी में उच्च प्रशिक्षित
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन से ना चीरा ना रक्तस्त्राव शीघ्र स्वस्थ जल्दी छुट्टी
Dip advanced Gynaec Endoscopy [France]
इक्सी, टेस्ट ट्यूब सेंटर, दूरबीन द्वारा बांझपन का निदान, बंद ट्यूब व टीटी ऑपरेशन खोलना, दूरबीन द्वारा बच्चादानी(टीएलएच), ओवरी की सिस्ट नली में ठहरे गर्भ व बच्चेदानी के ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, कृत्रिम गर्भाधान IUI IVF ICSI व सुरक्षित गर्भपात।
सबसे सस्ता अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा संस्थान
कांचघर चौक, रेलवे स्टेशन रोड जबलपुर-8770186650, 7987619550
पथरी, हार्निया, एपेन्डिक्स, पाइल्स, गाल ब्लेडर, बच्चेदानी, स्तन की गठान, बंद ट्यूब गर्भधान इत्यादि सभी आपेरेशन व इलाज की सुविधा

# सिटी न्यूज



आप तक आपका प्रिय अखबार यश भारत
नहीं पहुंच रहा हो तो हमें शीघ्र सूचित करें
फोन- 230033, मो. 9425362893, 8839684296
कार्यालय:- कचहरी चौक, कटनी

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजित, अधिकारियों, कर्मचारियों को दिए दिशानिर्देश

# सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण करें निराकरण - कलेक्टर

**कटनी,यशभारत।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद ने सीएम हेल्पलाइन की 300 दिनों से अधिक लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण हेतु गठित टीम उत्कृष्ट कार्य कर रही है। कुछ विभाग के द्वारा कार्य में रूचि नहीं लिये जाने के कारण जिले ग्रेडिंग में प्रतिकूल असर पड़ता है, अतः ऐसे विभाग प्रकरणों का गंभीरता पूर्वक विभागीय शिकायतों निराकरण करें। विभागों के माध्यम से दर्ज किये जाने वाले जवाबों का मेरे द्वारा निरीक्षण किया जायेगा। आपनें अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर आगामी ग्रेडिंग में कटनी जिले को उच्च पायदान पर पहुंचाने हेतु निर्देशित किया। बैठक के प्रारंभ में जिले में पदस्थ रहे नायब तहसीलदार संजय दुबे के असामयिक निधन पर गहन दुख व्यक्त किया जाकर दो मिनट का मौन रख शोक संतप्त परिजनों को दुख की इस घड़ी को सहन करने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



बैठक में अमृत सरोवरों के निर्माण की समीक्षा के दौरान ग्रीष्म ऋतु में जानवरों को पानी की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए ढ़ीमरखेड़ा एवं बड़वारा में अमृत सरोवर का निर्माण कराने हेतु सी.ई.ओ ढ़ीमरखेड़ा एवं बड़वारा को आवश्यक निर्देश प्रदान किये। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जिले मे रासायनिक उर्वरक की उपलब्धता तथा बकाया राशि सहित प्रदेश की मंडियों में नवीन उर्वरक विक्रय केन्द्र खोले जाने तथा जिले की उप मंडियों की जानकारी ली जाकर उपमंडियों में भी गोदाम की व्यवस्था हेतु प्रस्ताव तैयार करानें हेतु निर्देशित किया गया।कलेक्टर ने कहा कि किसी भी प्रकरण में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सेवानिवृत्त शिक्षक मनीष चन्द्र पुरोहित के स्वत्वों के भुगतान एवं पेंशन संबंधी प्रकरण में अनावश्यक विलंब करने वाले संबंधित अधिकारी को नोटिस जारी करनें के निर्देश दिए। दूरसंचार नीति के संबंध मे लंबित प्रकरणों एवं नवीन प्रकरणों का निराकरण कराने, सुराज योजना हेतु भूमि उपलब्ध कराने, मीसाबंदी परिवार को स्थाई विद्युत कनेक्शन प्रदान किये जाने, नगरीय क्षेत्र में अनाधिकृत कॉलोनियों के संबंध में ले-आउट तैयार करने, जनपद पंचायत विजयराघवगढ की ग्राम पंचायत नंदावन में निर्माण कार्या की जांच कराने, लैण्ड बैंक की स्थापना किये जाने, प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना, भू-दान बोर्ड की जमीन पर अवैध कब्जे के संबंध मे, आयुष्मान भारत का व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने, आयोग से प्राप्त शिकायतों के निराकरण, ढीमरखेडा तहसील के नव निर्मित शासकीय भवनों की जांच पूर्ण करानें, सोलर प्लांट की स्थापना सहित अन्य प्रकरणों की समीक्षा की जाकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किये गए। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर रामानुस टोप्पो, एस.डी.एम कटनी प्रिया चंद्रावत, निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे, जिला उद्योग महाप्रबंधक अजय श्रीवास्तव, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक यशवंत वर्मा, सी.एम.ए.ओ प्रदीप मुडिया, खनिज अधिकारी संतोष सिंह, जिला कोषालय अधिकारी शैलेष गुप्ता, जे.पी.बघेल कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग, जिला लोक सेवा प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा, ई गवनेंस जिला प्रबंधक सौरभ नामदेव सहित जिले के सभी विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### लंबित न्यायालयीन प्रकरणों का विभागीय अधिकारी करें रिव्यू

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा समय सीमा की बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के वर्ष 2001 से 2023 तक के लंबित न्यायालयीन प्रकरणों के संबध में विभागों को प्रेषित की गई जानकारी से अवगत कराते हुए प्रकरणों में नियुक्त ओ.आई.सी के माध्यम से जवाब प्रस्तुत कर उसकी एक प्रति कार्यालय में प्रस्तुत करनें हेतु निर्देशित किया गया। न्यायालयीन प्रकरणों के संबंध मे रोस्टर संधारित कर प्रकरणों की जानकारी, प्रस्तुत जवाब की जानकारी, अपील, निराकरण की स्थिति पक्ष व विपक्ष की जानकारी अंकित करने के निर्देश दिए गए। स्वसहायता समूहों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली की उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन हेतु प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्यवाही की जानकारी चाही जाकर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा आवंटन की प्रक्रिया में गति लानें हेतु जनपद पंचायतों के सी.ई.ओ एवं जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया।



## जैविक कृषि के बारे में किसान भाइयों से की चर्चा

### जैविक खेती को प्रोत्साहित करने हेतु किसान मोर्चा मुड़वारा मंडल द्वारा प्रगतिशील किसानों का सम्मान

**कटनी,यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी के निर्देशानुसार मुड़वारा मंडल अध्यक्ष अभिषेक ताम्रकार, किसान मोर्चा जिला मंडल प्रभारी अवध प्यासी, मंडल अध्यक्ष मनीष त्रिसोलिया की अध्यक्षता सावरकर वार्ड, बजाज हॉस्पिटल समीप प्रगतिशील किसान सुनील पुरवार के खेत में बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें मंडल के गांवों में किसान भाइयों एवं मंडल पदाधिकारी के साथ जैविक कृषि के संदर्भ में निम्न विषयों के अंतर्गत चर्चा की गई। प्राकृतिक खेती की जानकारी।, प्राकृतिक खेती का प्रदर्शन।, श्री अन्न (मोटा अनाज) उपससमजे का एवं उसके गुणों का प्रचार। उपरोक्त विषय पर मंडल प्रभारी जिला महामंत्री अवध प्यासी एवं मंडल अध्यक्ष अभिषेक ताम्रकार का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जैविक खेती को प्रोत्साहन के लिए जैविक खेती कार्य में लगे प्रगतिशील किसान सुनील पुरवार को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ सुरेश रोचलानी, मुड़वारा मंडल अध्यक्ष अभिषेक ताम्रकार, किसान मोर्चा जिला महामंत्री एवं मंडल प्रभारी अवध प्यासी, जिला उपाध्यक्ष शिवप्रकाश चक्रवर्तीए मंडल महामंत्री अभिषेक गुप्ता, मंत्री शैलेंद्र चनपुरिया, किसान मोर्चा मुड़वारा मंडल अध्यक्ष मनीष त्रिसोलिया, महामंत्री बृजेश गट्टानी, राधेश्याम शर्मा, मंत्री सुरेश पाठक, कार्यकारिणी सदस्य अग्रज लहरिया, राकेश जैन रज्जन, वीरेंद्र जैन, किसान सुनील पुरवार, शरद पटेल, दुर्गेश कुशवाहा, प्रीतम कुशवाहा एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का संचालन महामंत्री बृजेश गट्टानी एवं आभार मंडल मंत्री सुरेश पाठक द्वारा किया गया।

### 1351 किसानों ने बुक करवाया स्लॉट

**कटनी,यशभारत।** समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु स्लॉट बुकिंग का कार्य शुरू हो चुका है। अब तक जिले के 1351 किसानों ने स्लॉट बुकिंग करवा भी लिया हैं। किसान भाई अपनी स्लाट बुकिंग हेतु www.mpeuparjan.nic.in वेबसाइट पर जाकर इस लिंक के माध्यम से उपार्जन पोर्टल पर स्वयं के मोबाइल, एमपी ऑनलाइन, सीएससी, ग्राम पंचायत, लोक सेवा केंद्र, इंटरनेट कैफे और उपार्जन केंद्र से स्लॉट बुकिंग करवा सकते हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी बालेंद्र शुक्ला ने बताया कि स्लाट बुकिंग हेतु कृषक के ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल पर ओटीपी प्रेषित किया जाएगा। जिसे पोर्टल पर दर्ज करना होगा।

## वेतन निर्धारण शिविर 12 एवं 13 अप्रैल को

**कटनी,यशभारत।** जिले के शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन निर्धारण हेतु लंबित प्रकरणों के निराकरण एवं वेतन निर्धारण हेतु जबलपुर संभाग के कोष एवं लेखा कार्यालय के दल द्वारा कटनी के पेंशन कार्यालय मे 12 एवं 13 अप्रैल को वेतन निर्धारण शिविर का आयोजन किया गया है। जिला कोषालय अधिकारी शैलेष गुप्ता ने बताया कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी अपने कार्यालय के लंबित वेतन प्रकरणों को लेकर शिविर मे पहुचे और वेतन निर्धारण कराएं। जिला कोषालय अधिकारी श्री गुप्ता ने बताया कि जिले मे तकरीबन 380 वेतन निर्धारण प्रकरण लंबित है। आयोजित होने वाला शिविर जिला कोषालय अधिकारी शैलेष गुप्ता के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन मे संपन्न होगा।

## मजरा टोला पड़रिया को पृथक राजस्व ग्राम घोषित करने भेजा प्रस्ताव

### आयुक्त भू अभिलेख मध्यप्रदेश ग्वालियर को भेजा गया प्रस्ताव

**कटनी,यशभारत।** जिले की बहोरीबंद तहसील के पटवारी हल्का नंबर 43 ग्राम अमरगढ़ के मजरा टोला पड़रिया को राजस्व ग्राम घोषित करने हुए इसकी अधिसूचना जारी करने हेतु प्रस्ताव कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा आयुक्त भू अभिलेख मध्य प्रदेश ग्वालियर को पत्र लिखा गया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम मजरा टोला पड़रिया मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता (भू सर्वेक्षण एवं भू अभिलेख ) नियम 2020 के नियम 10 एवम् नियम 43(3) के तहत पृथक राजस्व ग्राम घोषित करने हेतु सभी निर्धारित मापदंड पूर्ण करता है। इसी के मद्देनजर कलेक्टर कटनी श्री प्रसाद द्वारा धारा 64 के अधीन प्रारूप बारह के तहत सम्पूर्ण ग्राम क्षेत्र सर्वेक्षण की अधिसूचना जारी कराए जाने हेतु प्रस्ताव आयुक्त भू अभिलेख मध्य प्रदेश ग्वालियर को प्रेषित किया गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि मजरा टोला पड़रिया को पृथक राजस्व ग्राम घोषित करने बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडे द्वारा कलेक्टर को पत्र लिखकर मांग की गई थी।

## गांव-गांव घूमकर लाड़ली बहना योजना की जानकारी दे रहा प्रचार रथ

### ग्रामीणों मे प्रचार रथ के प्रति दिख रहा उत्साह, मिल रही कई उपयोगी जानकारियां



**कटनी,यशभारत।** राज्य शासन की तीन वर्ष की उपलब्धियों और मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के प्रति गांव - गांव में योजना की जानकारी देने और प्रक्रिया से अवगत कराने के लिए जनसंपर्क विभाग द्वारा जिले भर में प्रचार रथ चलाया जा रहा है। यह प्रचार रथ 10 अप्रैल को विकासखंड रीठी के ग्राम रीठी, डांग, करैया, सिमडा़री, धनिया, देवरी कला, देवगांव, बिलहरी और हरदुआ सहित अब तक जिले के 71 ग्रामों मे पहुंचकर योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी देने के साथ-साथ एल.ई.डी टी.व्ही के माध्यम से शासन की उपलब्धियों को भी दिखा रहा है। गांव में इस प्रचार रथ के प्रति ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रचार रथ के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने के साथ -साथ मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के बैंक खातों को आधार से लिंक करनें और डी.बी.टी इनेबल्ड कराने की जानकारी भी दी जा रही है। इसके अलावा महिला बाल विकास, जन अभियान परिषद द्वारा लोगों को इन प्रक्रियाओं की जानकारी देने गांव के सार्वजनिक भवनों की दीवारों पर लिखकर भी प्रक्रियाओं की जानकारी दी जा रही है।




### कार्यालय कलेक्टर (खनिज–शाखा) कटनी, मध्यप्रदेश

E-mail ID :- modgmkat@mp.gov.in

कमांक 441 / खनिज / उ0प0 / 2021, कटनी, दिनांक 14-03-2023

//सूचना//

(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 –क)

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स/श्री/श्रीमती मेंसर्स अल्ट्राटेक सीमेण्ट लिमि0, यूनिट बिरला व्हाईट, फेज–3 राहुल बाग, गोकुलधाम बरही रोड कटनी (म0प्र0) के द्वारा म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18–क के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 24.12.2021 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है–

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा (हे0 में) | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| कटनी | बड़वारा | छपरवाह | 8/43 | 1.070 | शासन से पट्टे में प्राप्त भूमि | डोलोमाइट | |
| | | | 8/44 | 1.070 | | | |
| | | | 8/45 | 1.070 | | | |
| | | | 8/46 | 1.070 | | | |
| | | | 8/47 | 0.720 | | | |
| | | | 8/48 | 0.710 | | | |
| | | | 8/49 | 0.710 | | | |
| | | | 8/50 | 1.070 | | | |
| | | | 8/51 | 1.070 | | | |
| | | | 8/52 | 1.070 | | | |
| | | | 8/53 | 1.070 | | | |
| | | | 8/54 | 1.070 | | | |
| | | | 8/55 | 1.070 | | | |
| | | | 8/56 | 0.400 | | | |
| | | | 8/57 | 0.400 | | | |
| | | | 8/58 | 0.400 | | | |
| | | | 8/59 | 0.400 | | | |
| | | | 8/60 | 0.400 | | | |
| | | | 8/61 | 0.360 | | | |
| | | | 8/62 | 0.400 | | | |
| | | | योग– | 15.600 हे0 | | | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता है तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, (खनिज शाखा) जिला कटनी में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुये लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करे।

नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नही किया जाएगा।

G-11275-23

प्रभारी अधिकारी (खनिज शाखा) जिला- कटनी (मप्र)

### चित्रगुप्त कायस्थ सभा ने किया सुंदरकांड का पाठ




चित्रगुप्त मंदिर प्रांगण स्थित राम जानकी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर चित्रगुप्त कायस्थ सभा महिला समिति द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ, आरती, प्रसाद वितरण किया गया।

किराए से देना है

एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।


संपर्क-8109417340

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज



07 अप्रैल से रोजाना 4 शो
12.30 PM-2D (AUDI-2)
04 PM-2D (AUDI-1)
6.30 PM-2D (AUDI-2)
10 PM-2D (AUDI-1)
अगस्त 16-1947
कलाकार- गौतम कार्तिक, रिचर्ड एस्टन, जेसन शाह आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज



07 अप्रैल से रोजाना 2 शो
8.30 AM-2D (AUDI-1)
11 AM-2D (AUDI-1)
सुपर मारियो 2डी
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
भीड़ से भरा शानदार दूसरा सप्ताह




07 अप्रैल से रोजाना 4 शो
01 PM-2D (AUDI-1)
3.30 PM-2D (AUDI-2)
07 PM-2D (AUDI-1)
9.30 PM-2D (AUDI-2)
भोला
कलाकार- अजय देवगमन, पुनीत, संजय मिश्रा, गजराज राव, विनीत कुमार आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

## विदेश से दान में मिली राशि का दुरुपयोग

# तीन वर्ष में 54 एनजीओ का पंजीयन किया गया रद्द

■ भोपाल, यशभारत।

फारेन कंट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट (एफसीआरए) के अंतर्गत विदेश से दान में राशि लेकर दुरुपयोग करने के चलते वर्ष 2020 से अब तक प्रदेश में काम कर रहे 54 गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) का पंजीयन रद किया जा चुका है। यह जानकारी केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2019-20 से 2021-22 के बीच 730 करोड़ रुपये विदेश की विभिन्न संस्थाओं से प्रदेश के एनजीओ को मिले हैं।

बता दें कि डिंडौरी के जिस मिशनरी स्कूल में छात्राओं के यौन शोषण का मामला सामने आया था वहां भी एफसीआरए के अंतर्गत मिली राशि के दुरुपयोग के साक्ष्य राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की जांच में मिले थे। प्रदेश में एफसीआरए के अंतर्गत पंजीकृत 314 संस्थाएं हैं।यह धार्मिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक आदि क्षेत्रों में काम कर रही हैं। दरअसल, कई संस्थाएं जिस काम के लिए विदेश से राशि प्राप्त करती हैं उसकी जगह दूसरे काम में उसका उपयोग करते हैं। इस राशि के गबन के मामले भी सामने आ चुके हैं। यही कारण है केंद्र सरकार ने भी इस पर सख्ती की है।विदेश से सहायता लेने वाली संस्थाओं के लिए पंजीयन अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा प्राप्त सहायता का रिटर्न भरना होता है। इस तरह की कसावट के बाद भी गड़बड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। केंद्र सरकार को इस बात की चिंता है कि इस राशि का उपयोग देश विरोधी गतिविधियों में न हुआ हो।




### कलेक्टरों से करा रहे हैं जांच

जनजातीय कार्य आयुक्त संजीव सिंह ने बताया कि विदेश एवं केंद्र सरकार से अनुदान प्राप्त संस्थाओं का प्रतिवर्ष कलेक्टरों द्वारा आडिट कराया जाता है। इसी रिपोर्ट के आधार पर संस्थाओं को अनुदान की निगरानी की जाती है। कुछ संस्थाओं की शिकायतें मिली है, लेक्टरों से जांच करा रहे हैं।

### डिंडौरी, मंडला के मिशनरी स्कूल की घटना के बाद प्रदेशभर की संस्थाओं की हो रही जांच

डिंडौरी के मिशनरी स्कूल जुनवानी में नाबालिग आदिवासी छात्राओं के साथ यौन शोषण का गंभीर मामला सामने आया था। इस मामले में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने जांच के निर्देश दिए थे। जेडीईएस मिशनरी स्कूल जुनवानी में चार-अलग अलग छात्रावास और आश्रम संचालित हैं। यहां प्रति छात्र से 1460 और छात्राओं से 1500 सौ रुपये प्रतिमाह शिष्यवृत्ति के तौर पर शासन से लिए जा रहे थे। वहीं छात्र-छात्राओं से मेस संचालन के नाम पर फीस भी वसूली जा रही थी। इसी तरह मंडला के मिशनरी स्कूल में भी इस तरह की शिकायत मिली थी। कानूनगो ने प्रदेश के ऐसे मिशनरी स्कूलों की जांच कराने के लिए के लिए कहा था और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया था। इसके बाद अब प्रदेशभर के मिशनरी स्कूलों की जांच कराई जा रही है।

### शिक्षा के नाम पर विदेशी सहायता लेने वाली संस्थाओं ने बच्चों से भी वसूली फीस

शिक्षा देने के नाम पर मध्य प्रदेश की संस्थाओं ने विदेश से करोड़ों रुपये का अनुदान लिया, इसके बाद बच्चों से भी फीस के नाम पर राशि वसूली गई। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने प्रदेश की ऐसी संस्थाओं पर कार्रवाई के लिए राज्य सरकार और जनजातीय कार्य विभाग को नोटिस दिया था, लेकिन नोटिस के एक माह बाद भी विभाग ने कार्रवाई नहीं की है। ऐसी संस्थाएं अब भी बिना किसी भय के संचालित हैं। बता दें कि विदेश से अनुदान लेने वाली संस्थाओं पर निगरानी रखने के लिए केंद्रीय गृह विभाग के निर्देश हैं, लेकिन राज्य सरकार ने न तो ऐसी संस्थाओं को सूचीबद्ध किया है और न ही कोई कार्रवाई की है।

## वीडियो काल पर महिला से रिश्तेदार ने कर दी अश्लील हरकत



■ भोपाल, यशभारत।

ऐशबाग इलाके में रहने वाली 29 वर्षीय महिला आनलाइन छेड़खानी की शिकार हो गई। महिला के रिश्तेदार ने उसे वीडियोकाल किया और उसके साथ अश्लील हरकत कर दी। महिला ने उसे मना किया ,लेकिन आरोपित उसे बार वीडियोकाल कर अश्लील इशारे कर रहा था। बाद में महिला ने उसका स्क्रीनशॉट लेकर पुलिस में शिकायत की। इस पर पुलिस ने आरोपित पर एफआइआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। ऐशबाग थाना पुलिस के मुताबिक महिला गृहणी है और अपने पति के साथ रहती है। उसका एक रिश्तेदार कुछ दिनों से उसे फोन कर रहा था, वह उसे रिसीव नहीं कर रही थी। वह बाद में वीडियो काल करने लगा, महिला ने एक अप्रैल को उसका वीडियो काल को रिसीव कर लिया तो वह वीडियो काल पर अश्लील इशारे करने लगा। महिला ने उसे रोका ,लेकिन उसने अपनी हरकत बंद नहीं की। इस पर महिला ने थाने में एफआइआर दर्ज करा दी। पुलिस अब आरोपित की तलाश कर रही है। ऐशबाग पुलिस ने इस मामले में महिला सब इंस्पेक्टर के साथ चार पुलिस कर्मियों की टीम को लगाया है। आरोपित की हरकत के कारण महिला इस कदर परेशान थी कि उसने अपना मोबाइल उठाना बंद कर दिया था। महिला के साथ दिक्कत यह थी कि आरोपित उनका करीबी रिश्तेदार था, उसने अपने पति को घटनाक्रम बताया था तो उसने मामले को अनदेखा करने की सलाह थी, महिला ने ऐसा किया ,लेकिन आरोपित अपनी हरकतें बंद नहीं कर रहा था। तंग आकर महिला ने पुलिस की शरण ली और आरोपित के खिलाफ थाने में शिकायत की। आरोपित के खिलाफ महिला के बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपित पर कार्रवाई की है।अब पुलिस जल्द से जल्द आरोपित को गिरफ्तार कर कोर्ट में चालान पेश करेगी।

## स्कूल शिक्षा विभाग ने मूल्यांकन केंद्र से गायब 338 शिक्षकों को नोटिस दिया




■ भोपाल, यशभारत।

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल(माशिमं) की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए राजधानी के माडल स्कूल टीटी नगर में बने मूल्यांकन केंद्र में अधिकारियों ने रविवार को औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सिर्फ साढ़े सात प्रतिशत यानि 28 शिक्षक ही उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन करते मिलें।मूल्यांकन केंद्र में अनुपस्थित 338 शिक्षकों को नोटिस जारी किया गया है।मंडल की 10वीं व 12वीं परीक्षा समाप्त हो चुकी है। मूल्यांकन का दूसरा चरण शनिवार से हुआ है।मंडल ने प्रदेश भर में उत्तरपुस्तिकाओं को जांचने का लक्ष्य छह मई तक रखा है।जिससे समय पर परीक्षा परिणाम घोषित किया जा सके, लेकिन सरकारी स्कूल के शिक्षक इस बार उत्तरपुस्तिकाएं जांचने में रूचि नहीं ले रहे है। माशिमं को मई के अंतिम सप्ताह में रिजल्ट घोषित करना है।रविवार को राजधानी के माडल स्कूल टीटी नगर मूल्यांकन केंद्र का संभागीय संयुक्त संचालक अरविंद चोरगढ़े ने औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के समय जिला शिक्षा अधिकारी नितिन सक्सेना एवं योजना अधिकारी मुकेश शर्मा उपस्थित थे।

### 366 में से 28 शिक्षक उपस्थित रहें

मूल्यांकन केंद्र पर सरकारी स्कूलों के कुल 366 शिक्षकों को उपस्थित होना था, लेकिन सिर्फ 28 शिक्षक ही उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते मिले।जेडी ने मूल्यांकन कर्ताओं की कम उपस्थिति पर गंभीर असंतोष व्यक्त करते हुए डीईओ ने निर्देशित किया कि अनुपस्थित शिक्षकों को तत्काल कारण बताओ सूचना पत्र जारी करें। यदि प्राचार्य द्वारा उन्हें कार्यमुक्त नही किया गया है, तो उनके विरुद्ध भी कारण बताओ सूचना पत्र जारी करें।सोमवार को भी यदि सभी शिक्षक उपस्थित नहीं होते, तो उनके विरुद्ध अत्यावश्यक सेवा अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी।सरकारी स्कूलों के साथ मूल्यांकन केंद्र पर निजी स्कूलों के शिक्षकों की ड्यूटी भी मूल्यांकन के लिए लगाई गई है।निजी स्कूलों के 64 शिक्षकों में से सभी शिक्षक मूल्यांकन केंद्र पर उपस्थित मिले।

### मूल्यांकन केंद्र पर यह रही स्थिति

रविवार को मूल्यांकन केंद्र पर बड़ी संख्या में सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की कमी थी।

## वंदे भारत एक्सप्रेस में खाना खत्म

# यात्रियों ने हंगामा किया तो बांट दिया खराब पोहा व उपमा

■ भोपाल, यशभारत।



हजरत निजामुद्दीन से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन आ रही वंदे भारत एक्सप्रेस में रविवार रात नौ बजे खाना खत्म हो गया। जब नाराज यात्रियों ने खाना मांगा तो उन्हें खराब पोहा और उपमा परोस दिया गया। जिस पर यात्रियों ने हंगामा कर दिया। यात्री इस बात से नाराज थे कि उनके कोच सी-13 में चढ़ाया गया खाना दूसरे कोच के यात्रियों को परोस दिया गया था। जब खाना परोसने की बात कही गई तो कैटरिंग कंपनी के कर्मचारियों ने ठीक से जवाब नहीं दिया। जोर देने पर पैक्ड खानापान सामग्री दी गई, जिसकी गुणवत्ता ठीक नहीं थी। विवाद करीब आधे घंटे तक चला। अंत में कैटरिंग कर्मचारियों ने रुपये वापस करने का भरोसा दिया है। जिसके बाद मामला शांत हुआ। ट्रेन तय समय पर रात 10.10 बजे रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंच गई थी। उल्लेखनीय है कि भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से नई दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन के बीच एक अप्रैल से वंदे भारत एक्सप्रेस की सेवा शुरू हुई है। यह मप्र से चलने वाली पहली वंदे भारत एक्सप्रेस है।

पोहा व उपमा से आ रही थी गंध, इसीलिए बढ़ा विवाद

कोच सी-13 में बैठे यात्रियों ने बताया कि एक तो उन्हें तय समय पर खाना नहीं परोसा गया। पूछने पर कैटरिंग कर्मचारी अलग-अलग जवाब देते रहे। जोर दिया तो बना-बनाया पोहा व उपमा दिया गया लेकिन उसे देने से पहले जांच नहीं गया। जब उसे खोला गया तो कोच में अलग तरह की गंध फैल गई। जिसके कारण अधिक परेशान होना पड़ा।वंदे भारत एक्सप्रेस में रेलवे ने यात्रियों के मुताबिक दिल्ली की आरके एसोसिएट्स एंड होटलर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को जिम्मा दिया है कि वह यात्रियों को समय पर गुणवत्तायुक्त खाना परोसे।

## आइपीएल मैच में आनलाइन लगवा रहे सट्टे का दांव, सवा लाख का माल बरामद



■ भोपाल, यशभारत।

क्राइम ब्रांच ने शनिवार- रविवार की दरमियानी रात आइपीएल क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा खिलाने वाले दो सटोरी मुईन खान और दानिश खान को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से 31 सौ रुपये समेत करीब सवा लाख का सामान बरामद किया है। आरोपित एक आइडी की मदद से हार जीत का दांव लगा रहे थे। दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। क्राइम ब्रांच के मुताबिक सूचना मिली थी पुराने शहर के इक्बाल मैदान पर आइटीएच मैदान के पास दो युवक बाइक पर बैठे हैं और मोबाइल पर सट्टा खिलाकर हार जीत का दांव लगा रहे हैं। इस पर एक टीम को मौके पर भेजा गया। जहां दो युवक रात के अंधेरे में बैठे मिले। उनको हिरासत में लेकर क्राइम ब्रांच थाने लाया गया। जहां पर उनकी तलाशी लेने पर उनके पास से 31 सौ रुपये, एक आइफोन समेत दो मोबाइल और मोबाइल पर लाखों रूपये का हिसाब किताब मिला है। आरोपितों की पहचान गीतानगर भानपुर निवासी 27 वर्षीय दानिश खान और मुईन खान निवासी मंसूर भाई का किराये का मकान रूसल्ली मस्जिद के पास निशातपुरा भोपाल के रूप में हुई। इसमें मुईन फोटोग्राफी करता और दानिश निजी काम करता है। दोनों आरोपित आइपीएल के दौरान अपने परिचितों को इंटरनेट मीडिया के माध्यम वाट्सएप के माध्यम से दांव लगवाकर रकम ले रहे थे। क्राइम ब्रांच ने मोबाइल से यह पता करने की कोशिश कर रही है कि अभी तक यह लोग कितने लोगों से दांव लगवा चुके हैं। क्राइम ब्रांच की आइपीएल क्रिकेट मैच के दौरान दूसरी कार्रवाई है। हालांकि क्राइम ब्रांच को बड़ी कार्रवाई का इंतजार है।

## फिल्मी गीत पर हाथ में ग्लास लेकर महिला पार्षद ने लगाए ठुमके, वीडियो वायरल

■ भोपाल, यशभारत।

नगर निगम जोन क्रमांक 20 में शामिल वार्ड क्रमांक 2 की पार्षद कुसुम चतुर्वेदी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह कुछ अन्य महिलाओं के साथ हाथ में ग्लास थामे एक फिल्मी गाने पर थिरकती नजर आ रही हैं। यह वीडियो सामने आने के बाद कांग्रेस ने मांग की



कि भाजपा को अपनी पार्षद के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।दरअसल भारतीय जनता पार्टी से जुड़ी कुसुम चतुर्वेदी यहां सीटीओ क्षेत्र में स्थित एक मंदिर में कार्यक्रम में शामिल हुई थीं। इस दौरान महिलाओं ने गिलास में कोल्ड ड्रिंक ली और सर पर रखकर फिल्मी गीत च्पी ले पी ले ओ मेरे राजाज् की धुन पर नाचने लगीं। इसमें क्षेत्र की पार्षद भी इन महिलाओं के साथ शामिल हुई। उनका नाचते हुए यह वीडियो किसी ने इंटरनेट वीडियो पर डाल दिया। थोड़ी देर में यह वीडियो वायरल हो गया और लोग तरह तरह के कमेंट करने लगे। कांग्रेस नेता सोनू तोमर ने कहा कि भारतीय संस्कृति की दुहाई देने वाली भाजपा क्या कुसुम चतुर्वेदी पर कार्रवाई करेगी? कांग्रेस नेताओ का कहना है कि भाजपा को अपनी पार्टी के पार्षद पर कार्रवाई करना चाहिए।इस संबंध में जब पार्षद कुसुम चतुर्वेदी की प्रतिकिया ली गई तो उनका कहना था कि क्षेत्र की महिलाओं ने यहां के एक मंदिर में जन्मदिन की पार्टी रखी थी।

## सैनिक और साहित्य का पुराना है नाता : सिंघल

■ भोपाल, यशभारत।

**फौजी से साहित्यकार बने कर्नल गिरिजेश सक्सेना की पुस्तक निजाम- ए-भोपाल का लोकार्पण शौर्य स्मारक के द्रोणाचार्य सभागार में रविवार को हुआ। किताब में लिखी फौजी दास्तान भोपाल रियासत से जुड़ी है। दोस्त मुहम्मद खान द्वारा स्थापित भोपाल रियासत की अपनी एक फौज थी, जिसका 1710 से 1949 तक का एक इतिहास है।**

उसी फौजी इतिहास को आजाद भारत के फौजी लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मिलन नायडू ने अंग्रेज़ी में कलमबद्ध किया है, जिसका हिंदी अनुवाद किया है कर्नल गिरिजेश सक्सेना ने। इस मौके पर गिरिजेश ने उन मुश्किल हालातों का जिक्र किया जब उन्होंने कोरोना ग्रस्त अवस्था में अस्पताल के बिस्तर पर इस किताब के अंतिम दो अध्याय अनुवादित किए थे।

हिंदी भवन के मंत्री-संचालक कैलाश चंद पंत की अध्यक्षता, लेफ्टिनेंट जनरल विपुल सिंघल एसएम के मुख्य आतिथ्य और वरिष्ठ पत्रकार-साहित्यकार महेश श्रीवास्तव के विशिष्ठ आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में निजाम-ए-भोपाल का लोकार्पण हुआ। वरिष्ठ साहित्यकार-पत्रकार घनश्याम सक्सेना सारस्वत अतिथि और कलीम अख्तर विशेष अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। संचालन वरिष्ठ साहित्यकार गोकुल सोनी ने किया। मिलन नायडू ने स्वागत उद्बोधन में पुस्तक लेखन और अनुवाद से जुड़ी मुश्किलों को रेखांकित किया। कैलाशचंद पंत ने कहा कि लेखक ने भोपाल रेजिमेंट के विकास की कहानी इस पुस्तक में पिरोई है। महेश श्रीवास्तव ने बताया कि यह शोधपूर्ण किताब प्रामाणिक रूप से ऐतिहासिक है। भोपाल रियासत का अधिकांश समय बेगमों द्वारा शासित रहा। उन्होंने भोपाल की फौज को आधुनिक बनाया था। विपुल सिंघल ने कहा कि सैनिक और साहित्य का बहुत पुराना संबंध है। भगवत गीता का दार्शनिक साहित्य युद्ध भूमि में ही भगवान कृष्ण द्वारा अर्जुन को उपदेश स्वरूप अस्तित्व में आया था। कलीम अख्तर ने बताया कि इस पुस्तक के लेखन में मिलन नायडू ने सटीक प्रमाणों को समावेश किया है। इसलिए यह पुस्तक एक प्रामाणिक दस्तावेज है। लोकार्पण कार्यक्रम में फौजी महकमे के आला अफसरों के अलावा हिंदी और उर्दू के साहित्यकार डा. गौरीशंकर शर्मा गौरीश, रामवल्लभ आचार्य, सुरेश पटवा, राजकुमार शर्मा, विनोद जैन, मुजफ्फर सिद्दीकी, कांता राय, घनश्याम मैथिल, चरणजीत सिंह की उपस्थिति रही।

## राजधानी के सेंट्रल लाइब्रेरी में युवा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हैं



■ भोपाल, यशभारत।

सरकारी नौकरी के लिए विभिन्न प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारियों से लेकर विदेश में उच्च शिक्षा का सपना लेकर पढ़ाई में जुटे युवा अपने सपनों को पूरा करने के लिए लायब्रेरी में कई-कई घंटे बैठकर किताबों में सिर गड़ा रहे हैं। पहले किसी दोस्त के रूम पर मिल बैठकर पढ़ाई करने के बजाए अब विद्यार्थी साथ में पढ़ाई के लिए कम्युनिटी स्टडी स्पेस के रूप में लायब्रेरियों को चुन रहे हैं।शहर की दो प्रमुख सरकारी लाइब्रेरीयां तो भरी ही रहती हैं शहर में सैकड़ों की संख्या में निजी लााइब्रेरियां खुल गई है। राजधानी के लायब्रेरियों में कई सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।राजधानी के चाहे सरकारी हो या निजी सभी हाइटेक किए जा रहे हैं।सभी किताबों को डिजिटल पर भी उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास जारी है।राजधानी का शासकीय मौलाना आजाद सेंट्रल लायब्रेरी में हर दिन 500 से 600 की संख्या में विद्यार्थी पढ़ाई करते नजर आते हैं। इस लायब्रेरी में साढ़े 10 हजार विद्यार्थियों ने सदस्यता ले रखी है। 1600 रुपये प्रति विद्यार्थी का सलाना शुल्क लगता है। चयनित युवाओं की वर्कशाप भी कराई जाती है सेंट्रल लायब्रेरी में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित युवाओं को अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए वर्कशाप कराई जाती है।

## जंगलों में क्षमता से अधिक हुए बाघ



# वन विभाग के सामने संरक्षण में हैं चुनौतियां



■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश के संरक्षित (टाइगर रिजर्व, नेशनल पार्क, अभयारण्यों) क्षेत्रों में क्षमता से अधिक बाघ हो गए हैं, जो वन विभाग के सामने बड़ी चुनौती है। खासकर टाइगर रिजर्व में क्षमता से डेढ़ से दो गुना तक बाघ हैं। बाघ संघर्ष एवं रिहायशी इलाकों में बाघों को निकलने से रोकने के लिए व्यवस्थित नए कारीडोर बनाने की जरूरत इसी लिए महसूस की जा रही है।

### ये हैं चुनौतियां

बाघ संरक्षण की दिशा में पार्कों में बाघों के घनत्व के मुताबिक कम जगह, व्यवस्थित कारीडोर न होना और शिकार की घटनाएं सबसे बड़ी चुनौती हैं। प्रदेश में बाघों का कुनबा बढ़ रहा है। इसलिए वे अपनी टेरेटरी बनाने के लिए जंगल से बाहर निकलते हैं और शिकार हो जाता है। ज्यादातर मामले करंट और जहरखुरानी के हैं। पिछले साल ही शिकार के आठ मामले सामने आए हैं। एक कारण घटते जंगल भी हैं। इस कारण बाघ एक से दूसरे संरक्षित क्षेत्रों में नहीं जा पाते हैं। जब वे जंगल से बाहर आते हैं तो मानव-बाघ संघर्ष की स्थिति निर्मित होती है। नए संरक्षित क्षेत्र भी गठित करने होंगे। कमल नाथ सरकार ने 11 नए अभयारण्य गठन के प्रस्ताव मंगाए थे, जिन पर अब तक निर्णय नहीं हो पाया है।

### बाघों की सुरक्षा के लिए बजट

राज्य सरकार ने 2018-19 में बाघों के संरक्षण, सुरक्षा और निगरानी में 283 करोड़ रुपये, 2019-20 में 220 करोड़ और 2020-21 में 264 करोड़, 2021-22 में 128 करोड़ और 2022-23 में 122 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

### बढ़ा पर्यटन

बाघों की संख्या बढ़ी तो प्रदेश में पर्यटन भी बढ़ा। वर्तमान में देशभर से लोग कान्हा, बांधवगढ़, पेंच, पन्ना टाइगर रिजर्व घूमने आते हैं। जहां वर्ष 2000 तक इन पार्कों में वर्षभर में 50 से 70 हजार पर्यटक आते थे, वहां आज 25 लाख से अधिक आ रहे हैं। इससे पार्कों की स्थिति तो सुधरी ही है, पार्कों के आसपास बसे लोगों को रोजगार भी मिला है। वर्तमान में इन पार्कों से तीन सौ करोड़ से अधिक का रोजगार मिलता है।

### बेहतर रहवास बनाने में रहे सफल

कान्हा, पन्ना, पेंच, बांधवगढ़, सतपुड़ा और संजय दुबरी टाइगर रिजर्व सहित अन्य बाघ संरक्षित क्षेत्रों से वनग्राम हटाए गए। पानी के स्रोत तैयार किए गए। जिन स्थानों पर बाघों का पेट भरने के लिए शाकाहारी वन्यप्राणी नहीं थे, वहां दूसरे स्थानों से लाकर शिफ्ट किए गए। बाघ पालतु पशुओं का शिकार कर ले, तो पशु मालिक को मुआवजा देने का प्रविधान किया गया। इससे बाघों के अनुकूल माहौल तैयार करने में मदद मिली।

## पुलिस थाने के सामने महिला पर पति ने हंसिया से किया जानलेवा हमला

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी के महिला थाने के सामने शिकायत करने पहुंची एक महिला पर उसके पति ने हंसिया मारकर जानलेवा हमला कर दिया। महिला इस हमले में बुरी तरह से घायल हो गई। उसे गंभीर हालत में हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना की जानकारी लगते ही जहांगीराबाद पुलिस संभाग के एसीपी ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित पर हत्या की कोशिश की धाराओं में एफआइआर दर्ज की गई है। आरोपित और उसकी पत्नी में घरेलू कलह का मामला चल रहा है। पुलिस दो बार महिला थाने में समझौता करा चुकी है।जहांगीराबाद पुलिस के मुताबिक भानगढ़, बीना का रहने वाला राकेश चंदेल (38) ड्राइवरी करता है। राकेश का पत्नी राधा बाई से लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसके चलते राधा अपने तीन बच्चों को लेकर 14 मार्च से छोला इलाके में पति से अलग रह रही थी।अलग रहने के बाद भी राकेश आए दिन विवाद करता था, इसकी शिकायत करने पत्नी महिला थाने आ रही थी। राकेश उसे पुलिस में रिपोर्ट करने से मना कर रहा था।



# स्टाफ नर्सों को जारी हुआ कारण बताओ नोटिस

### गर्भवती की सभी जांच रिपोर्ट सामान्य होने के बाद भी जिला चिकित्सालय रेफर करने पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा प्रसव के रेफरल मामलों और स्वास्थ्य व्यवस्था की नियमित निगरानी और समीक्षा का सिलसिला अनवरत जारी है। इसी क्रम में गर्भवती महिला की सभी जांच रिपोर्ट सामान्य होने और गर्भवती हाईरिस्क श्रेणी में नहीं होने के बाद भी जानबूझकर जिला चिकित्सालय रेफर करने वाली पहाड़ी सीएचसी की 2 स्टाफनर्सों की कार्यप्रणाली पर श्री प्रसाद ने नाराजगी व्यक्त की है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने समीक्षा के दौरान कहा कि प्रसव के रेफरल मामलों में शतत समीक्षा के बाद भी ए. एन. एम .और स्टाफ नर्स अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए जानबूझकर रेफर कर देते है। ये स्थिति संतोषजनक नहीं है।कई मामलों में गर्भवती की चार जरूरी जांचें नहीं होने की जानकारी भी सामने आई है। जो अक्षम्य है। श्री प्रसाद ने समीक्षा के दौरान ब्लॉक कन्हवारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में पदस्थ स्टाफनर्स द्वय रेखा पटेल और दिव्या ठाकुर द्वारा प्रसव के एक मामले में सभी जांच रिपोर्ट सामान्य होने के बाद भी प्रसव के प्रकरण को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

जिस पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएचएमओ को स्टाफनर्स द्वय को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश के बाद स्टाफ नर्स रेखा पटेल और दिव्या ठाकुर को कारण बताओ नोटिस जारी कर 2 दिनों में जवाब प्रस्तुत करने की हिदायत दी गई है। जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर इनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिसके लिए ये स्वतरू जिम्मेदार होंगी। विदित हो कि कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने सहित प्रसव के रेफरल प्रकरणों की निरन्तर समीक्षा की जा रही है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने स्वास्थ्य महकमें को दो टूक हिदायत दी है, कि प्रसव के रेफरल प्रकरणों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। गर्भवती महिला की ए.एन.सी के दौरान निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत सभी जांचें करने तथा इन सब मामलों में कोताही बरतने पर कड़ी कार्यवाही किये जानें के निर्देश दे रखे है।

# पूरे साल आयोजित होंगे मुख्यमंत्री कन्या विवाह

### हर महीने की तिथियां घोषित



**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह व निकाह योजना के तहत जिले में वित्तीय वर्ष 2023-24 में आयोजित होने वाले विवाह के लिए तिथियों का निर्धारण कर दिया गया है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने बताया कि कटनी जिले के प्रभारी मंत्री के द्वारा तिथियों का अनुमोदन किया गया है। इसके अनुसार मई 2023 में 2,3,4,6,11 व 15 तारीख को जून 2023 में 1,3,7,11,13,16,23 एवं 25 तारीख को नवंबर 2023 में 23,24,27,28 और 29 तारीख को तथा दिसंबर 2023 में 3,4,5,7,13,14 एवं 15 तारीख को और जनवरी 2024 में 16,17,20,21,22,30,31 तारीख को मुख्यमंत्री कन्या विवाह व निकाह योजना के तहत आयोजन हो सकेंगे। जबकि फरवरी 2024 में 4,6,7,8,12,13,25,26 एवं 29 तारीख को तथा मार्च 2024 में 5,6,7,10,11 और 12 तारीख को आयोजन हो सकेंगे। कलेक्टर श्री प्रसाद ने नगर निगम कटनी के आयुक्त, सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, सहित नगर परिषद कैमोर, बरही, विजयराघवगढ़ के सीएमओ को विवाह आयोजन कि इन तिथियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की हिदायत दी है। साथ ही विवाह हेतु आवेदन प्राप्त होते ही तत्काल जांच हेतु समिति को उपलब्ध कराया जाए। सभी आवेदन पत्रों का पंजी में संधारण किया जाए। कलेक्टर श्री प्रसाद ने निर्देशित किया है, कि ग्रामीण क्षेत्र की जांच समिति में पीसीओ, एडीईओ, सचिव, पटवारी, ग्राम रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी, पटवारियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपना जांच प्रतिवेदन आवेदन प्राप्त होने के 3 दिन के भीतर करेंगे।



# रीठी की उमरिया पंचायत में ऑनलाइन प्रवष्टि का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन में जिले में लाड़ली बहना योजना के तहत शिविरों का आयोजन किया जाकर पात्र महिला हितग्राहियों के आवेदन की ऑनलाइन प्रविष्टि का कार्य किया जा रहा है। लाडली बहना योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायत उमरिया में आवेदनों की ऑनलाइन प्रवष्टि का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।

### 368 आवेदनों का था लक्ष्य

लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरिया में लक्ष्य अनुसार कुल 368 आवेदन ऑनलाइन किये जाने थे। जिसमें से मात्र 9 आवेदन ग्राम पंचायत में निवास नही होने के कारण ऑनलाइन नही किए जा सके। कुल 359 आवेदनो की ऑनलाइन प्रविष्टि का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। सीईओ जनपद पंचायत ज्ञानेंद्र कुमार मिश्रा ने ग्राम पंचायत सचिव श्री श्रीवास्तव, पीसीओ दीलन सिंह, रोजगार सहायक संतोष पटेल एवम जनपद के नोडल अधिकारी डॉ अजीत सिंह को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

# प्रचार रथ के माध्यम से दी जा रही योजनाओं की जानकारी



**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना पर केन्द्रित प्रचार रथ जिले में रोजाना चलाया जा रहा है। बताया जाता है कि विगत दिवस कलेक्टर अवि प्रसाद के मार्गदर्शन में जिले में प्रचार रथ द्वारा शासन की उपलब्धियों और योजनाओं का प्रचार- प्रसार कर जिलावासियों को शासन की योजनाओं सहित लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत ईकेवायसी एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जा रही है। गौरतलब है कि इसी क्रम में प्रचार रथ के माध्यम से विगत 8 अप्रैल को विकासखंड बहारीबंद के सिदूंरसी, तमुरिया, बचौया, कूड़न, बडखेडा, दुर्गा नगर एवं बहोरीबंद का भ्रमण किया और लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई।

### बरही शासकीय महाविद्यालय में आयोजित हुआ समारोह

# कला संकाय के अंतिम वर्ष के छात्रों को जूनियर छात्रों ने दी विदाई



**कटनी,यशभारत।** शासकीय महाविद्यालय बरही मे कला संकाय के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय मे अध्ययन के तीन वर्षो के अपने अनुभव व्यक्त किए,। साथ ही बताया कि हम प्राचार्य , शिक्षकों एवं महाविद्यालय परिवार से मिले प्रेम और स्नेह को कभी नहीं भूल पाएंगे, ।सभी विद्यार्थियों ने प्राचार्य द्वारा विद्यार्थी हित एवं संस्था के विकास में किए जा रहे विभिन्न कार्यो को भी याद किया और कहा कि इसी तरह सभी संस्था प्रमुखों को विद्यार्थियो के साथ अपने अधीनस्थ कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का भी ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियो ने प्राचार्य को सत्यमेव जयते का प्रतीक चिन्ह भेंटकर विद्यार्थी, महाविद्यालय और समाज हित में इसी तरह कार्य करते रहने का आग्रह किया।, विदाई कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आर. के. वर्मा, डॉ एस एस धुर्वे, डॉ अरविंद सिंह, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ रश्मि त्रिपाठी, प्रियंका तोमर, डॉ के के निगम, डॉ मंजुलता साहू, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, श्री मनीष मिश्रा, डॉ. शिवानी बर्मन, श्री पुष्पेंद्र तिवारी, श्री पवन दुबे, श्रीमती अनीता सिंह, श्रीमती रूपा शर्मा, श्री मनोज कुमार चौधरी, संतोषी तिवारी, दीपेंद्र चतुर्वेदी, कैश अंसारी, रावेंद्र साकेत, मिनी तुमराली, सोनम पाण्डे, चंद्रभान विश्वकर्मा, महिमा तिवारी, आशीष तिवारी, अजय सेन, सतीश विश्वकर्मा रवि साहू तथा स्टॉफके समस्त सदस्यो ने सभी विद्यार्थियों को भविष्य के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है ।



# नई शिक्षा नीति पर क्रियान्वयन और प्रचार प्रसार के लिए प्रशिक्षण

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन तथा प्रचार.प्रसार पर महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफऔर छात्र छात्रों का प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार खरे की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एसके खरे ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विद्यार्थियों को चयन आधारित क्रेडिट सिस्टम बहु विषयक शिक्षाए बहु आगमन एवं निर्गमनए परिणाम आधारित शिक्षा पाठ्यक्रम भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा युक्त समावेशी शिक्षाए आदि के बारे में विस्तार से विद्यार्थियों एवं शैक्षणिक स्टांफको जानकारी प्रदान किए। एंबेसडर प्राध्यापक डॉक्टर चित्रा प्रभात प्राध्यापक राजनीति शास्त्र ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में जानकारी दी। तथा उन्होंने स्नातक उपाधि पाठ्यक्रम की संरचना जैसे एक मुख्य विषय मेजरए एक गौण विषय माइनर एक वैकल्पिक विषय कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम अनिवार्यता वृद्धि पाठ्यक्रम इंटर्नशिप फील्ड प्रोजेक्ट आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दें तथा उन्होंने बताया कि स्नातक स्तर पर चार वर्षीय पाठ्यक्रम चॉइस वेस्ट क्रेडिट सिस्टम द्वारा निर्धारित किया जाता है। तथा विद्यार्थियों को पास होने के लिए 35 से 39 अंक प्राप्त करने होते हैं। नई शिक्षा नीति का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच तार्किक निर्णय एवं नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना है। साथ ही प्रथम वर्ष उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी को सर्टिफिक्रेटएद्वितीय वर्ष उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी को डिप्लोमाए तृतीय वर्ष डिग्री चतुर्थ वर्ष पास डिग्री विथ रिसर्च प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष 40 . 40 अंक के कुल 160 क्रेडिट सिस्टम तैयार किया गया।एंबेसडर प्राध्यापक डॉक्टर अरुण कुमार ने व्यवसायिक एवं योग्यता संवर्धन पाठ्यक्रमों का अध्ययन का अवसर एनसीसी एनएसएस और शारीरिक शिक्षा को पाठ्यक्रम के रूप में अध्ययन की सुविधा एक विश्वविद्यालय से दूसरे विश्वविद्यालय तथा एक महाविद्यालय से दूसरे महाविद्यालय में स्थानांतरण पर क्रेडिट ट्रांसफर की सुविधा नई शिक्षा नीति में प्रदान की गई है। डॉक्टर के पी मिश्रा प्राध्यापक राजनीश शास्त्र ने परिणाम आधारित शिक्षा एवं परिणाम आधारित शिक्षा के लाभ एवं परंपरागत शिक्षा के बारे में जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को व्यवसायिक विषयों का चयन करने के तरीके भी बताएं। पोषण और आहार विज्ञान, जैविक खेती, व्यक्तित्व विकास पर्यटनएवर्मी कंपोस्टिंगएवेब डिजाइनिंग आदि के बारे में भी जानकारी प्रदान किए। कटनी जिला के समस्त शासकीय महाविद्यालय के चयनित दो दो प्राध्यापकों नई शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन का प्रशिक्षण प्राप्त किए। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में महाविद्यालय के विद्यार्थियों की उपस्थित सराहनीय रही।

### पात्र हितग्राहियों के पंजीयन में सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को कलेक्टर ने प्रदान किया प्रशस्ति पत्र

# लाड़ली बहना योजना को साकार रूप देने में जुटा शासकीय अमला

कटनी,यशभारत। पूरे जिले का सरकार महकमा इन दिनों मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सबसे नई योजना लाडली बहना को साकार रूप देने में जुटा है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर अधिकारियों-कर्मचारियों की टीम गठित कर उन्हें दायित्व सौंपे जा रहे ताकि योजना का लाभ हर पात्र महिला हितग्राही तक पहुंच सके। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा न केवल अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। वहीं योजना को मूर्तरूप देने में सराहनीय योगदान देने वाले अधिकारियों- कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित भी किया जा रहा।

### नगर निगम क्षेत्र में इन्होनें किया सराहनीय कार्य

नगर निगम कटनी सीमांतर्गत उत्कृष्ट कार्य हेतु जिन अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है उनमें वार्ड क्रमांक 16 एवं 12 के दल प्रभारी गणेश बिचपुरिया सुपरवाइजर, राहुल तिवारी वार्ड दरोगा सहित नम्रता सिंह चौहान, अवनीश अहिरवार एवं प्रिया उपाध्याय आउटसोर्स कर्मचारी, राहुल राजेश प्र.वार्ड दरोगा, संतोष गौतम वसूलीकर्ता, अभिषेक मोंगरे स्वास्थ्य विभाग शामिल है।

### नगर परिषदों में इन्हे किया गया सम्मानित

नगर परिषद बरही के वार्ड क्रमांक 5, 8 एवं 9 से सपना नामदेव, संगीता पटेल, रेनू श्रीवास्तव आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, नगर परिषद कैमोर से ऋषिराज दुबे कैंप प्रभारी, रक्षा पाण्डे आंगनवाड़ी सहायिका, नगर परिषद विजयराघवगढ से कला गौतम सुपरवाइजर एवं पुष्प लता मिश्रा आंगनवाडी कार्यकर्ता को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया है।

### नगर परिषदों में इन कर्मचारियों को मिला प्रोत्साहित

लाडली बहना योजना अंतर्गत शनिवार को नगर परिषद बरही महेंद्र वर्मा सामुदायिक संगठन, उदयभान तिवारी, सहायक राजस्व निरीक्षक, लखन चक्रवर्ती, कंप्यूटर ऑपरेटर, नगर परिषद कैमोर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रामनादेवी पांडे, देवकी तिवारी अर्चना द्विवेदी, नजमा खान को प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर प्रोत्साहित किया गया है।

### इन जनपदों में भी सम्मानित हुए कर्मचारी

जनपद पंचायतों में उत्कृष्ट कार्य करनें वाले कर्मचारियों में जनपद पंचायत बहोरीबंद के आदेश कुमार पटेल सचिव पोंडी, शिवकुमार काछी सचिव नीमखेडा, नीलम दुबे ग्राम रोजगार सहायक सिंहडी बाकल, जनपद पंचायत रीठी ग्राम पंचायत उमरिया से नारायण शंकर सचिव, संतोष पटेल रोजगार सहायक, सुरेश नामदेव, अमित पटेल, मनरेगा मेट, पंच तरुण बाई, जनपद पंचायत कटनी से आशीष गर्ग सचिव ग्राम पंचायत पड़रिया, सपन चतुर्वेदी ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत पड़रिया, आदित्य प्रताप सिंह सचिव ग्राम पंचायत खमतरा एवं जनपद पंचायत विजयराघवगढ के ग्राम पंचायत सिंघनपुरा से सचिव श्यामलाल केवट, ग्राम रोजगार सहायक ध्रुव सिंह रघुवंशी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूनम रघुवंशी, सरोज सिंह रघुवंशी, जनपद पंचायत बडवारा के ग्राम पंचायत सकरीगढ़ से सचिव धनेन्द्र सिंह राठौर, ग्राम रोजगार सहायक सुशील कुमार केवट, आंगनबाडी कार्यकर्ता जानकी बाई बुनकर मंजूलता विश्वकर्मा, जन अभियान परिषद- अरविन्द विश्वकर्मा जनपद पंचायत ढीमरखेडा के ग्राम पंचायत अन्तर्वेद से बसरुल हक मंसूरी सचिव, मनोज लोधी रोजगार सहायक ग्राम पंचायत गनियरी, अनुराधा चौबे सुपरवाईजर का नाम शामिल है। उक्त सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

## जनपद पंचायतों में भी हुआ सराहनीय कार्य

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत भमका से राजकुमार पटेल सचिव एवं श्रीकांत रावते रोजगार सहायक, जनपद पंचायत कटनी से अंजना शुक्ला सचिव ग्राम पंचायत कैलवारा खुर्द, संदीप चौबे सचिव ग्राम पंचायत पिपरोध, मनीष त्रिपाठी सचिव ग्राम पंचायत जरवाही, दया शंकर गर्ग सचिव ग्राम पंचायत तखला, जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत ककरेहटा से डालचंद मेहरा सचिव पटोरी, लालबहादुर सेंगर ग्राम रोजगार सहायक, अम्बुज यादव ग्राम रोजगार सहायक बचौया, जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत रैपुरा से प्रकाश रैदास सचिव, मनीष गौतम ग्राम रोजगार सहायक, सरपंच रीतेश परोहा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनीता तिवारी, सविता मिश्रा, सारिका तिवारी, रानी तिवारी, जनपद पंचायत बडवारा के ग्राम पंचायत सलैया सिहौरा से रंजना शुक्ला सचिव ,भगवन देव दुबे ग्राम रोजगार सहायक, दीनानाथ विश्वकर्मा जन अभियान परिषद ,आंगनबाडी कार्यकर्ता संध्या सिंह, विनीता द्विवेदी, कुमकुम सिंह, चित्रलेखा निगम, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत गैरतलाई से सीमा गर्ग सचिव, नरेश विश्वकर्मा ग्राम रोजगार सहायक को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाकर प्रोत्साहित किया गया है। शनिवार को भी उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया प्रोत्साहित। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा शनिवार को योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिन कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया गया है। उनमें नगर निगम कटनी के आउटसोर्स कर्मचारी आकांक्षा मिश्रा, रितिका पांडेय, सुश्री ज्योति मिश्रा, कृष्ण गोपाल गर्ग वार्ड नं. 28 बवीता सिंह सुपरवाईजर, आंगनवाडी कार्यकर्ता वार्ड नं. 39 शशि बर्मन, वार्ड नं. 15 रेखा चौधरी शामिल है।

### फर्स्ट स्टेप स्कूल में मना अभिभावक दिवस समारोह

**कटनी,यशभारत।** फर्स्ट स्टेप एकेडमी एवं फर्स्ट स्टेप नर्सरी एंड प्ले स्कूल कटनी का अभिभावक दिवस समारोह रविवार को होटल द अरिंदम में आयोजित हुआ। समारोह का उद्घाटन डॉक्टर उमा निगम एवं डॉक्टर चित्र प्रभात द्वारा दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना से किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कटनी कलेक्टर श्री अवि प्रसाद जी रहेद्य विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्यमी एवं समाजसेवी मनीष भाई ने भी अपना उद्बोधन दिया। छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने फिर भी दिल है हिंदुस्तानीए दादाजी की छड़ी, ना काटो मुझे ऐसी अनेक अद्भुत प्रस्तुतियां देकर सभी अभिभावकों का मन मोह लिया। संस्था की प्राचार्या नीतू लालवानी ने कहा कि बच्चों ने भारतीय संस्कृति को दर्शाते और जल जंगल और जमीन पर भी कई नृत्य प्रस्तुत किए।

# बहोरीबंद तहसील के मजरा टोला पड़रिया को पृथक राजस्व ग्राम घोषित करने कलेक्टर ने भेजा प्रस्ताव

### आयुक्त भू अभिलेख मध्यप्रदेश ग्वालियर को भेजा गया प्रस्ताव, विधायक प्रणय पांडे ने की थी मांग

**कटनी,यशभारत।** जिले की बहोरीबंद तहसील के पटवारी हल्का नंबर 43 ग्राम अमरगढ़ के मजरा टोला पड़रिया को राजस्व ग्राम घोषित करने हुए इसकी अधिसूचना जारी करने हेतु प्रस्ताव कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा आयुक्त भू अभिलेख मध्य प्रदेश ग्वालियर को पत्र लिखा गया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम मजरा टोला पड़रिया मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता भू सर्वेक्षण एवं भू अभिलेख नियम 2020 के नियम 10 एवम् नियम 43(3) के तहत पृथक राजस्व ग्राम घोषित करने हेतु सभी निर्धारित मापदंड पूर्ण करता है। इसी के मद्देनजर कलेक्टर कटनी श्री प्रसाद द्वारा धारा 64 के अधीन प्रारूप बारह के तहत सम्पूर्ण ग्राम क्षेत्र सर्वेक्षण की अधिसूचना जारी कराए जाने हेतु प्रस्ताव आयुक्त भू अभिलेख मध्य प्रदेश ग्वालियर को प्रेषित किया गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि मजरा टोला पड़रिया को पृथक राजस्व ग्राम घोषित करने बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडे द्वारा कलेक्टर कटनी को पत्र लिखकर मांग की गई थी।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ
CINEMA KATNI
Mittal MALL
Paytm
bookmyshow
From 31th March 2023


TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

मैच से पहले कहा था- इस बार खत्म करके ही आऊंगा

# रिंकू सिंह ने श्रेयस अय्यर से वीडियो कॉल पर की बातचीत



अहमदाबाद ईएमएस। नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर की गैरमौजूदगी में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। रविवार को उसने एक रोमांचक मुकाबले में गत विजेता गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हरा दिया। आखिरी पांच गेंदों पर कोलकाता को जीत के लिए 28 रन की जरूरत थी। ऐसे में बाएं हाथ के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने यश दयाल की गेंदों पर लगातार पांच छक्के लगाकर मैच पलट दिया। रिंकू सिंह की पारी ने दुनियाभर में तहलका मचा दिया है और हर कोई उनकी चर्चा कर रहा है।

खुद श्रेयस अय्यर भी रिंकू की तारीफ किए बिना नहीं रह सके और उन्होंने वीडियो कॉल लगा दिया। इसका वीडियो कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर किया है। ऐसे में श्रेयस ने मैच के बाद रिंकू से बातचीत की और उन्हें शानदार पारी और टीम को जीत दिलाने के लिए बधाई दी। वीडियो में फिर नीतीश भी आते हैं और श्रेयस से हालचाल लेते हैं।

## पीठ में चोट की समस्या से जूझ रहे श्रेयस अय्यर

श्रेयस पीठ में चोट की समस्या से जूझ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने विदेश में इसकी सर्जरी कराने का फैसला लिया था और आईपीएल और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल समेत कुछ महत्वपूर्ण टूर्नामेंट से बाहर हो गए। वह लगभग पांच महीने के लिए क्रिकेट से दूर हो गए हैं। उनकी जगह नीतीश राणा को कोलकाता नाइट राइडर्स टीम का कप्तान बनाया गया

## नीतीश भी वीडियो कॉल पर जुड़े

इसके बाद नीतीश बताते हैं- श्रेयस रिंकू इस बार कह रहा था कि पिछले साल की तरह इस साल छोड़ूंगा नहीं, मैच खत्म करके ही आऊंगा। वीडियो में तीनों काफी खुश और हंसते हुए नजर आए। केकेआर ने इसके कैप्शन में लिखा- श्रेयस का स्पेशल वीडियो कॉल। दरअसल, रिंकू को आईपीएल के पिछले सीजन भी कुछ ऐसा ही मौका मिला था, लेकिन वह उस मैच को फिनिश नहीं कर पाए थे। इसका दुख आज भी उन्हें है और गुजरात के खिलाफ जीत दिलाने के बाद इसका जिक्र भी किया।



## पिछले साल नहीं जिता सके थे रिंकू

आईपीएल 2022 में लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ कोलकाता को एक मैच में आखिरी ओवर में 21 रन की जरूरत थी। तब रिंकू जीत नहीं दिला सके थे। हालांकि, तब भी उन्होंने 15 गेंदों पर 40 रन की तूफानी पारी खेली थी। अब इस सीजन उन्होंने पिछले साल वाली गलती नहीं की और पांच छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

## मैच में क्या हुआ?

मैच की बात करें तो पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 204 रन बनाए थे। शुभमन गिल 31 गेंदों में 39 रन, ऋद्धिमान साहा ने 17 गेंदों में 17 रन, साई सुदर्शन 38 गेंदों में 53 रन, अभिनव मनोहर आठ गेंदों में 14 रन बनाकर आउट हुए। विजय शंकर 24 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के की मदद से 63 रन और डेविड मिलर दो रन बनाकर नाबाद रहे। सुनील नरेन ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। वहीं, सुयश शर्मा को एक विकेट मिला। जवाब में कोलकाता ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। रहमनुल्लाह गुरबाज 15 रन, नारायण जगदीशन छह रन, आंद्रे रसेल एक रन बनाकर आउट हुए। वहीं, सुनील नरेन शून्य और शार्दुल ठाकुर खाता भी नहीं खोल सके। गुजरात के राशिद खान ने रसेल, नरेन और शार्दुल को लगातार तीन गेंदों पर आउट कर सीजन की पहली हैट्रिक अपने नाम की। हालांकि, वेंकटेश अय्यर के तूफानी 40 गेंदों पर आठ चौके और पांच छक्के की मदद से 83 रन की पारी और कप्तान नीतीश राणा की 29 गेंदों पर चार चौके और तीन छक्के की मदद से 45 रन की पारी ने मैच बनाया। फिर रिंकू सिंह ने मैच को फिनिश किया। गुजरात की ओर से राशिद ने तीन और अल्जारी जोसेफ ने दो विकेट झटके। वहीं, मोहम्मद शमी और जोशुआ लिटिल को एक-एक विकेट मिला।

विजई भव महापौर कप टी -20 क्रिकेट

# देश के पहले दिव्यांग प्रीमियर लीग का शुभारंभ





**जबलपुर, यशभारत।** देश के पहले दिव्यांग प्रीमियर लीग का शुभारंभ जबलपुर के रानीताल स्टेडियम में परम पूज्य जगद्गुरु सुखानंद द्वाराचार्य श्री राघव देवाचार्य महाराज एवं संस्कारधानी के महापौर जगत बहादुर सिह अन्नू द्वारा किया गया । मध्यप्रदेश दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ रंग-बिरंगे गुब्बारों को मुक्त आकाश में छोड़कर किया गया । टूर्नामेंट की कोआर्डिनेटर श्रीमती श्रीमती प्रतिष्ठा द्विवेदी ने बताया इस टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश को 6 जॉन में बांटा गया है जिसमें जबलपुर इंदौर भोपाल ग्वालियर उज्जैन एवं रीवा के 90 खिलाड़ियों समेत 130 ऑफिशियल शिरकत कर रहे हैं । अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की । महापौर अन्नू भैया ने कहा की खिलाड़ियों के जज्बे को देखकर यह लगता ही नहीं कि आप में किसी प्रकार की कोई कमी है ,साथ ही उन्होंने कहा कि आप सब को देखकर ऐसा लगता है कि हमको भी खेलों से जुड़ना चाहिए आप सभी हमारी प्रेरणा के स्रोत हो कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परम पूज्य जगद्गुरु सुखानंद द्वारा खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया गया। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित इस टूर्नामेंट मैं पहले दिन दो मैच खेले गए पहले मैच में रीवा ने जबलपुर को 9 विकेट से हराया रीवा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया वह सही साबित हुआ रीवा की कसी गेंदबाजी के आगे जबलपुर के खिलाड़ियों ने घुटने टेक दिए और मात्र 67 रनों पर आउट हो गए रीवा की ओर से कप्तान अंकित सिंह एवं मिथिलेश ने तीन तीन खिलाड़ियों को आउट किया जवाब जवाबी पारी खेलते हुए रीवा संभाग में 8.4 ओवर में ही मैच अपने नाम कर लिया शुभम मिश्रा ने एवं अजय ने 19 रनों का योगदान दिया कप्तान अंकित सिंह को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार से सम्मानित किया गया भोपाल और उज्जैन के मध्य खेला गया भोपाल के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण उज्जैन संभाग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 142 रन का स्कोर खड़ा किया जिसमें रंजीत सिंह ने सर्वाधिक 60 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया भोपाल संभाग की ओर से गेंदबाजी करते हुए मुकम्मल ने 2 विकेट एवं निखिल ने एक खिलाड़ी को पवेलियन का रास्ता दिखाया 142 भोपाल संभाग की टीम की शुरुआत बहुत अच्छी रही पहले विकेट की साझेदारी 66 रनों की रही अपना वेदांत गुप्ता 21 रनों की पारी खेलकर लौटे लेकिन कप्तान निखिल मेवाड़ा की सधी हुई पारी ने भोपाल संभाग को जीत के मुहाने तक पहुंचा दिया भोपाल संभाग की टीम ने 2 गेंद शेष रहते हुए 6 विकेट से यह मुकाबला अपने नाम कर लिया मुकम्मल को मैन ऑफ द मैच उनके 26 रनों पर 3 विकेट लेने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# जबलपुर एडवोकेट प्रीमियर टी -20 क्रिकेट टीम ब्लू फाइनल में



**जबलपुर, यशभारत।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के तत्वावधान में रानीताल मैदान पर खेली जा रही जबलपुर एडवोकेट प्रीमियर टी -20 क्रिकेट टूर्नामेंटें मे कल खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में टीम ब्लू ने प्लैटिनम को 6 विकेट से हराया पहले बल्लेबाजी करते टीम प्लैटिनम ने अपने सभी विकेट खोकर 132 रन बनाए टीम की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए अनुभव शर्मा ने 38 और सुनील तिवारी ने 20 रन बनाए टीम ब्लू से गेंदबाजी करते हुए फरहान अहमद सिद्दीकी और प्रभात ने दो-दो विकेट लिए जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी टीम ब्लू ने निर्धारित लक्ष्य 19.3 ओवरों में में हासिल कर लिया टीम की तरह बल्लेबाजी करते हुए मोहम्मद आमिर ने 48 और सरनजीत सिंह ने 51 रन रन बनाए टीम प्लैटिनम की तरफ से गेंदबाजी करते हुए कप्तान अमित ने दो विकेट लिए ब्लू के मोहम्मद आमिर को मैन ऑफ द मैच चुना गयाउन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष श्री प्रेम सिंह भदोरिया उपाध्यक्ष आरके सिंह सैनी परिषद के सदस्य जयप्रकाश मिश्रा बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य प्रताप मेहता के द्वारा प्रदान किया गया इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के सचिव राजेश तिवारीआदि उपस्थित रहे।

# IPL में छक्के खाने वाले गेंदबाजों का क्या हुआ अंजाम

**नई दिल्ली** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 2023 सत्र का सबसे रोमांचक मैच रविवार को गुजरात टाइटंस और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच खेला गया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में गुजरात ने पहले बैटिंग करते हुए 204 रन बनाए थे। जवाब में कोलकाता ने आखिरी गेंद पर रिंकू सिंह के छक्का के दम पर 3 विकेट से जीत दर्ज की। इस मैच में रिंकू सिंह ने वो कर दिखाया, जो आज तक कोई नहीं कर सका था। रिंकू ने ओवर की आखिरी 5 गेंदों में 5 छक्के उड़ाए।रिंकू ने यह कारनामा किया अपने यूपी रणजी ट्रॉफी टीम के साथ यश दयाल के खिलाफ। यश दयाल की ही तरह आईपीएल कई ऐसे गेंदबाज हैं, जिनके एक ओवर में 5 छक्के लग चुके हैं। आइए जानते हैं कौन-कौन से वे गेंदबाज हैं और फिलहाल वह क्या कर रहे हैं...



## राहुल शर्मा बने क्रिस गेल के शिकार

17 अप्रैल 2012 को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को पुणे वॉरियर्स ने 183 रनों का लक्ष्य रखा। 13वां ओवर करने आए राहुल शर्मा की पहली गेंद पर सौरभ तिवारी ने एक रन लिया तो स्ट्राइक क्रिस गेल के पास आ गई। इसके बाद गेल ने लगातार 5 छक्के उड़ाते हुए राहुल शर्मा के छक्के छुड़ा दिए। ढ्ढक्क 2011 में 16 विकेट झटकने वाले राहुल का करियर पटरी से उतरा और फिर खत्म ही हो गया।

## शेल्डन कॉट्रेल को राहुल तेवतिया ने किया बर्बाद

आईपीएल 2020 में पंजाब ने 223 रनों का लक्ष्य दिया तो लगा राजस्थान टीम घुटने टेक देगी। राहुल तेवतिया भी 23 गेंदों में 17 रन बनाकर संघर्ष कर रहे थे। फैंस निराश थे, लेकिन राहुल तेवतिया को तो कुछ और करना था। उन्होंने पंजाब किंग्स के शेल्डन कॉट्रेल को 5 छक्के उड़ाते हुए मैच का रुख ही पलट दिया। विकेट लेने के बाद सैल्यूट जश्न के लिए मशहूर कॉट्रेल को फिर ढ्ढक्क में उस तरह का सम्मान नहीं मिला।



# सलमान की इस फिल्म से इंडस्ट्री में छा गई थीं आयशा

## फिर धर्म बदलकर इस नेता के बेटे संग रचाई शादी



**अभिनेत्री आयशा टाकिया ने 10 अप्रैल को अपना जन्मदिन मनाया। आयशा ने फिल्म च्टार्जन- द वंडर कारज से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इस फिल्म में वह अभिनेता वत्सल सेठ के अपोजिट नजर आई थीं। इसके अलावा च्टार्जन- द वंडर कारज में अजय देवगन भी नजर आए थे। फिल्मों के अलावा एक्ट्रेस कई विज्ञापनों में भी नजर आ चुकी हैं। अपने फिल्मी करियर के दौरान आयशा ने कई हिट फिल्मों में काम किया। साल 2006 में आई फिल्म च्डोरज में उन्होंने दमदार एक्टिंग की थी। इस फिल्म में उन्होंने विधवा का किरदार निभाया था। उनके इस किरदार के लिए उन्हें काफी सराहा गया था, लेकिन आयशा को पहचान सलमान खान की फिल्म च्वांटेड से मिली थी। इस फिल्म में अपनी दमदार एक्टिंग के लिए उन्होंने काफी सुर्खियां बटोरी थीं।**

टार्जन द वंडर कारज, वांटेड, डोर के अलावा आयशा फाल्गुनी पाठक के वीडियो सॉन्ग च्मेरी चुनर उड-उड़ जाए में भी काम किया। हिंदी फिल्मों के अलावा आयशा ने तेलुगू फिल्मों में भी काम किया, लेकिन इंडस्ट्री की इस हसीना ने एक दिन अचानक एक्टिंग की दुनिया को अलविदा कह दिया। अभिनेत्री ने महज 23 साल की उम्र में नेता अबू आजमी के बेटे फरहान आजमी से शादी कर ली। दोनों लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। फरहान से शादी करने के लिए आयशा ने अपना धर्म बदल लिया और अपने नाम के आगे आजमी लगाना शुरू कर दिया। कपल आज एक बेटे के माता-पिता हैं और एक खुशहाल जिंदगी जी रहे हैं। एक इंटरव्यू के दौरान आयशा ने अपने पति की तारीफ करते हुए कहा था कि फरहान एक अच्छे और ईमानदार इंसान हैं। एक्ट्रेस के लुक की बात करें तो आयशा टाकिया के लुक में अब बहुत बदलाव आ चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि अभिनेत्री ने लिप्स, जॉ लाइन, आइब्रो और फोरहेड की सर्जरी करवाई है। उनका यह लुक फैंस को पसंद नहीं आया, जिस वजह से उन्हें ट्रोलिंग का शिकार भी होना पड़ा था।

# स्वरा भास्कर को भाई बोलकर बुरे फंसे फहाद अहमद, ट्रोल्स बोले- यह बेहद बेतुका है



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने अचानक से अपनी शादी का एलान कर हर किसी को हैरान कर दिया। वहीं, डीवा शादी के बाद भी अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों का हिस्सा बन रही हैं। गौरतलब हो कि बीते दिन स्वरा ने अपना 35वां जन्मदिन मनाया। इस खास दिन पर एक्ट्रेस के राजनेता पति फहाद अहमद ने स्पेशल पोस्ट साझा किया, इसमें फहाद स्वरा के लिए अपने जज्बात व्यक्त करते नजर आए। हालांकि, इस पोस्ट में भी ट्रोल्स ने कुछ ऐसा ढूंढ निकाला है, जिसकी वजह से फहाद जमकर ट्रोल किए जा रहे हैं।

## फहाद अहमद हुए ट्रोल्स का शिकार

स्वरा भास्कर के पति और राजनेता फहाद अहमद ने बीते दिन अपनी लेडी लव को शुभकामना देते हुए एक पोस्ट साझा किया। ट्विटर पर पत्नी संग रोमांटिक तस्वीर शेयर करते हुए फहाद ने कैप्शन में कुछ ऐसा लिख दिया, जिसकी वजह से उन्हें खूब ट्रोल किया जा रहा है। फहाद ने लिखा, च्जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं भाई, मेरे जन्मदिन पर आपके सुझाव को सुनकर मैं शादीशुदा हूं, मुझे उम्मीद है कि आपको ट्विटर से पता चल जाएगा। फहाद ने हमसफर बनने पर स्वरा भास्कर का शुक्रियाअदा करते हुए लिखा, च्मुझे हर पहलू में पूरा करने के लिए धन्यवाद, मैं आप जैसा दोस्त और गुरु पाकर धन्य हूं। च्आई लव यूज माई हार्ट पीएस च्भाईज जेंडर न्यूट्रल हैं।ज फहाद के इसी ट्वीट को देखने के बाद ट्रोल्स वापस से एक्टिव हो उठे हैं और उनकी जमकर क्लास लगा रहे हैं।

## ट्रोल्स ने ऐसे लगाई जोड़े की क्लास

फहाद को पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा है, च्भाई और बहन अब जेंडर न्यूट्रल हो गया है। अब कोई किसी को कुछ भी कह सकता है। अहमद मियां के हिसाब से अब ये नया नॉर्म है।ज दूसरे ने लिखा है, च्भाई का क्या मतलब है, किसी भी लिहाज से अपनी पत्नी को भाई कहना बेतुका है।ज वहीं, एक अन्य लिखते हैं, च्दो भाइयों ने शादी कर ली, वाह क्या बात है।ज इसी तरह बाकी यूजर्स भी रिएक्शन देते हुए जोड़े को आड़े हाथों लेते नजर आ रहे हैं।

# गैस भरवाने कई किलोमीटर पैदल जाती थीं Dipika Kakar

**मुंबई, एजेंसी।** हम एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बात करने जा रहे हैं, जो कई साल से एक्टिंग से दूर है, लेकिन फिर भी हर किसी को इंस्पायर कर रही है। इस एक्ट्रेस को कभी उसके रहन-सहन को लेकर निशाना बनाया गया तो कभी हमेशा सलवार-सूट और चुन्नी में रहने के कारण ससुरालवालों को ही टारगेट कर दिया गया। लेकिन तमाम तरह की नेगेटिविटी और मुश्किलों को इसने कभी खुद पर हावी नहीं होने दिया। यह हैं दीपिका कक्कड़, जो जल्द ही मां भी बनने वाली हैं और अभी प्रेग्नेंसी फेज़ इंजॉय कर रही हैं। दीपिका कक्कड़ ने बड़े ही बेबाक और बिंदास अंदाज में तानों और नेगेटिव कमेंट्स का सामना किया और जब जरूरत पड़ी तो ट्रोल्स को भी मुंहतोड़ जवाब दिया।

Dipika Kakar भले ही एक्टिंग से दूर हैं, लेकिन आज भी उनकी गिनती छोटे पर्दे की पॉपुलर हीरोइनों में की जाती है। बल्कि उनकी पॉपुलैरिटी हर दिन बढ़ती ही जा रही है। दीपिका कक्कड़ आज जिस मुकाम पर हैं, वहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने काफी मुश्किलें झेलीं। मुंबई मायानगरी में पहला कदम रखने से लेकर शादी की दहलीज तक, दीपिका कक्कड़ ने हर कदम मुश्किलों का तूफान झेला, पर हिम्मत नहीं हारी। उनकी जर्नी काफी इंस्पायरिंग है। दीपिका कक्कड़ जब च्बिग बॉस 12ज में आई थीं तो Salman Khan तक उनके फैन बन गए थे और तारीफ करते थे। वह उस सीजन की विनर भी रही थीं।

## फ्लाइट अटेंडेंट थीं दीपिका कक्कड़

दीपिका कक्कड़ का जन्म 6 अगस्त को 1986 में पुणे में हुआ था। उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह एक्ट्रेस बनेंगी। बल्कि स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद दीपिका कक्कड़ जेट एयरवेज में बतौर फ्लाइट अटेंडेंट काम करने लगी थीं। उन्होंने इसमें तीन साल तक नौकरी की। लेकिन कुछ हेल्थ इशूज के कारण दीपिका कक्कड़ को वह नौकरी छोड़नी पड़ी और फिर उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में एंट्री के लिए हाथ-पांव मारने शुरू कर दिए। मुंबई आने के बाद दीपिका कक्कड़ ने शुरुआती दिनों में काफी स्ट्रगल झेला था। उन मुश्किल दिनों की कहानी और झेली गई तकलीफों के बारे में दीपिका ने च्बिग बॉस 12ज में बताया था। दीपिका ने नेहा पेंडसे से बात करते हुए बताया था कि जब वह घर से मुंबई आई थीं तो उनके पास एक सूटकेस के अलावा कुछ नहीं था। न तो सिर पर छत थी और न ही काम। बड़ी मुश्किल से उन्हें किराए पर एक घर मिला और वहां वह रहने लगीं। दीपिका के मुताबिक, उनके पास खाना बनाने वाला एक छोटा सा गैस स्टोव था, जिसे भरवाने के लिए उन्हें हर 15 दिन में सियोन से दादर पैदल जाना पड़ता था।



# विधानसभा का टिकट चाहिए तो छोड़ना पड़ेगी जिलाध्यक्षी

## भाजपा ने बनाई पॉलिसी, टिकट के मामले में मुड़वारा सीट पर सर्वाधिक प्रेशर, इसी सीट पर बदल सकती है टिकट

**कटनी। भारतीय जनता पार्टी में प्राथमिक तौर पर यह नीति बना ली गई है कि पार्टी जिलाध्यक्षों को विधानसभा चुनाव नही लड़ाएगी। सूत्रों के मुताबिक राजधानी भोपाल के पास राधा की ढाणी में हुई बड़े नेताओं की बैठक में इस पॉलिसी को हरी झंडी दे दी गई है कि यदि कोई जिलाध्यक्ष चुनाव लड़ना चाहता है तो पहले उसे अपना पद छोड़ना होगा। पार्टी की इस टिकट पॉलिसी का असर कटनी में तब हो पायेगा जब मौजूदा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र से टिकट के लिए इच्छुक दिखेंगे। फिलहाल उनकी ओर से ऐसे कोई संकेत नजर नही आ रहे हैं लेकिन जानकारों का मानना है कि यदि प्रदेश भाजपा के मुखिया वीडी शर्मा ने उन्हें चुनाव लड़ाने का मन बना ही लिया तो फिर जिलाध्यक्षी का सवाल कोई खास मायने नही रखेगा। वैसे जिला संगठन में हाल ही में दो पदाधिकारियों के पद जिस तरह ऐन चुनाव के पहले आपस मे बदले गए है, उसे भी आगामी योजना से जोड़कर देखा जा रहा है। आने वाले समय में यदि जरूरत पड़ी तो पार्टी टण्डन की तरह किसी और को भी प्रमोट कर सकती है।**

इस तथ्य और सत्य से इनकार नही किया जा सकता कि राजनीति संभावनाओं का खेल है। पार्टी के हितों के साथ वरिष्ठ नेता इस बात का ध्यान रखकर चलते हैं कि उन्हें अपने समर्थक को कैसे आगे बढाना है। जिला संगठन में पिछले दो कार्यकालों में हुए बदलाव इस बात को खास तौर से प्रमाणित करने के लिए काफी हैं। जब सांसद राकेश सिंह के हाथ प्रदेश भाजपा की कमान थी तो कटनी में रामरतन पायल की लाटरी खुल गई और जब वीडी शर्मा पावर में आये तो मौका मिलते ही उन्होंने दीपक सोनी टण्डन के हाथ जिला संगठन की चाबी सौंप दी। विकास प्राधिकरण की घोषणा के बाद आने वाले समय में और क्या बदलाव होंगे इस पर कार्यकर्ताओं की निगाह लगी है लेकिन अब संगठन के भीतर सारे पत्ते विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर फेंटे जा रहे हैं। कटनी जिले की चारों विधानसभा सीटों की बात करें तो 3 पर भाजपा के विधायक हैं। इन तीन सीटों में से विजयराघवगढ़ और बहोरीबंद सीटों पर कोई फेरबदल की संभावना न के बराबर है। केवल मुड़वारा सीट ही ऐसी हैं जहां बड़े नेता किसी अपने सिपहसालार को एडजस्ट कर सकते हैं। यदि ऐसा हुआ तो सन्दीप जायसवाल की जगह पार्टी किसी और चेहरे को अंतिम वक्त पर सामने ला सकती है। वैसे काफी कुछ ऊपर के समीकरणों पर भी निर्भर है। सूत्रों का कहना है कि ऊपर का सैटअप अगर नही बदलाए यानी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान टिकट वितरण के समय पावर में बने रहे तो संदीप जायसवाल की टिकट कटना मुश्किल होगा। इसके उलट यदि अपने संसदीय क्षेत्र में अपनी पसंद का हवाला देकर यदि वीडी शर्मा ने हस्तक्षेप किया तो कोई नया नाम भी सामने आ सकता है। इस बदलाव में दीपक टण्डन से लेकर शशांक श्रीवास्तव और पीताम्बर टोपनानी तक को मौका मिल सकता है। वैसे टिकट की रेस में मेयर प्रीति सूरी का नाम भी जुड़ चुका है। महापौर चुनाव में शिकस्त खाने के बाद भाजपा ने डैमेज कंट्रोल करते हुए प्रीति पर कमल की मुहर लगा तो दी है पर क्या उनकी आगे की योजना का भी पार्टी ध्यान रखेगी, यह भविष्य की गर्त में है। जैसे जैसे चुनाव नजदीक आएंगे वैसे अभी और भी नाम सामने आएंगे।

## एसपी के निर्देश पर सड़क में उतरी पुलिस



पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देश पर शहर से लेकर गांव-गांव तक पुलिस सड़क पर उतर आई है। पुलिस सड़क पर पैदल मार्च करते हुए न केवल वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए नियमों का पाठ पढ़ा रही है बल्कि शहर में दुकान सजाने वाले व्यापारियों को भी हद में कारोबार करने की नसीहत दे रही है। बीतीशाम प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार शिव, कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह, यातायात प्रभारी सूबेदार विनोद दुबे, सहायक उपनिरीक्षक शशिभूषण दुबे सहित पुलिस बल ने कोतवाली तिराहा से लेकर रेलवे स्टेशन तक पैदल मार्च किया और लोगों को यातायात नियमों के तहत वाहन पार्क करने व सड़क पर कारोबार न करने की समझाईश दी। इस दौरान पुलिस के द्धारा कुछ लोगों के चालान भी काटे गए।

## लोडर की टक्कर से युवक घायल

**कटनी, यशभारत।** लोडर वाहन की टक्कर लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में उमरियापान निवासी 18 वर्षीय जितेंद्र पिता हीरा कोल को गंभीर चोट आई है। युवक ने बताया कि सोमवार दोपहर एक बजे बाइक से जंगल करौदी से खाना दे कर घर लौट रहा था, तभी रास्ते में एक्सीडेंट हो गया। 108 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उपचार जारी है।

## युवक पर चाकू से हमला

**कटनी, यशभारत।** उपनगरीय क्षेत्र लखेरा में खेरमाई मंदिर के सामने मामूली विवाद को लेकर एक 22 वर्षीय युवक पर चाकू से हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लखेरा निवासी 22 वर्षीय अंकुश पिता ओम प्रकाश राठौर पर रात 11 बजे खेरमाई मंदिर के सामने आरोपी निशांत मिश्रा ने गाली देने से मना करने पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पैर में 2 वार व जांघ में 1 मार कर घायल कर दिया। घायल का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। घायल ने आरोप लगाया है कि पुलिस धारा कम लगा आरोपी को बचा रही है। उसके पहले भी कई मामले हैं।

## चार होटलों में हो रहा था घरेलू गैस का व्यवसायिक उपयोग

### बड़वारा क्षेत्र में कार्रवाई से हड़कंप

**कटनी, यशभारत।** घरेलू रसोई गैस का व्यवसायिक उपयोग किये जानें की शिकायत प्राप्त होने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा बड़वारा क्षेत्र में संचालित होटल प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जांच के दौरान असाठी जलपानगृह, हरिओम स्वीट्स सेंटर, संदीप स्वीट्स एवं बाबाराजा रसगुल्ला विलायतकला में घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग करते पाये जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध प्रकरण बनाया गया। प्रकरण आवश्यक कार्रवाई के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद के समक्ष प्रस्तुत किए गए हैं। जिला अपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला ने बताया कि जिले मे रसोई गैस का व्यवसायिक दुरुपयोग रोकने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

## रेलवे ने चार माह में निरस्त किया पांच साल का सायकल स्टैंड ठेका

### मंडल रेल प्रबंधक वाणिज्य ने जारी किया आदेश,ठेकेदार को भारी पड़ा वाहन पार्किंग में अनुबंध शर्तों का उल्लंघन

**कटनी, यशभारत।** कटनी रेलवे स्टेशन पार्किंग ठेकेदार को अनुबंध शर्तो का पालन न करना भारी पड़ गया। सोमवार को प्लेटफार्म 1 की तरफ में पार्किंग ठेका को मंडल रेल प्रबंधक वाणिज्य ने निरस्त कर दिया। ठेका एजेंसी को पार्किंग स्टैंड खाली करने व गुमटी अलग करने के लिए कहा गया है। अब पार्किंग स्टैंड में यात्री व आमजन निशुल्क वाहन खुद की जिम्मेदारी पर खड़े कर सकेंगे। स्थानीय अधिकारियों ने आरपीएफ व जीआरपी को ठेका निरस्त होने की सूचना देकर सर्कुलेटिंग एरिया में नोटिस चस्पा कर दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रेलवे द्वारा 26 दिसंबर 2022 को हुए ई-ऑक्शन में डाउन साउड पार्किंग स्टैंड का ठेका मेसर्स गरीब नवाज इंटरप्राइजेस थाणे को दिया गया था। पार्किंग स्टैंड का आवंटन वार्षिक लाइसेंस फीस 27 लाख 27 हजार 786 रुपए (जीएसटी छोड़कर) पांच वर्ष के लिए दिया गया है। ठेका एजेंसी द्वारा 15 जनवरी 2023 से पार्किंग स्टैंड का संचालन किया जा रहा था। ठेका एजेंसी द्वारा टेंडर मिलने के साथ ही त्रैमासिक लाइसेंस फीस तो जमा की गई लेकिन तीन माह बाद शेष लाइसेंस फीस का भुगतान नहीं किया गया।





### जुर्माने के बाद भी नहीं किया नियमों का पालन

एक जानकारी के अनुसार ठेका शर्तो के उल्लंघन व यात्री सुविधा में कमी को लेकर मंडल रेल प्रबंधक वाणिज्य ने ठेका एजेंसी को कई बार चेतावनी दी। चार माह के ठेका संचालन की अवधि में एक बार 10 हजार तो दूसरी बार 15 हजार का जुर्माना लगाया गया। इसके बावजूद ठेका एजेंसी ने अनुबंध शर्तो का पालन नहीं किया। जिसमें पार्किंग स्टैंड में आटोमेटिक बूथ बैरियर नहीं लगाना, पार्किंग स्टैंड में सीसीटीवी नियमानुसार नहीं लगाना, कंप्यूटराइज्ड कूपन पार्किंग के बाद नहीं दिया जाना, कर्मचारी यूनिफार्म में नहीं रहते, आईडी कार्ड भी नहीं बने। पार्किंग कर्मचारियों का चरित्र प्रमाणपत्र नहीं बनवाया गया। डिजिटल पेमेंट की कोई सुविधा यात्रियों को नहीं दी गई। साथ ही करार के अनुसार रेट लिस्ट नहीं लगाना जैसे नियम शामिल थे।

### इनका कहना है

अनुबंध शर्तो का पालन न करने पर डाउन साउड पार्किंग स्टैंड में मेसर्स गरीब नवाज इंटरप्राइजेस, थाणे को दिया गया ठेका निरस्त कर दिया गया है। यात्री अब स्वयं की जिम्मेदारी पर निशुल्क वाहन खड़े कर सकते हैं। अवैध शुल्क वसूली पर जीआरपी, आरपीएफ व स्टेशन प्रबंधक से शिकायत की जा सकती है।

**-नावेद सिद्दकी,** वाणिज्य स्टेशन प्रबंधक

## शादी का झांसा देकर युवती से बलात्कार

### गिरफ्तारी के बाद आरोपी को भेजा जेल

**कटनी, यशभारत।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ बलात्कार किए जाने का मामला सामने आया है। शादी का झांसा देकर युवक ने एक युवती से कई बार शारीरिक संबंध बनाए फिर शादी करने से इंकार कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के विरूद्ध मामला दर्ज करने के बाद उसे ग्राम पिंडरई से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि थाना क्षेत्र के पिपरिया निवासी 26 वर्षीय आकाश चौधरी ने एक युवती के साथ शादी करने का झांसा देकर आए दिन जबरदस्ती बलात्कर करता रहा। अनेकों बार संबंध बनाने के बाद युवक ने शादी करने से मना कर दिया। मामला करीब 6 माह पहले से चल रहा है। रविवार को परिजनों के साथ पहुंची युवती ने पुलिस से शिकायत की, जिस पर पुलिस ने युवक के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर युवक को न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया।


### सूचना

सूचित किया जा रहा है कि मेरा नाम प्रशांत शुक्ला पिता श्री गणेश प्रसाद शुक्ला, निवासी वार्ड क्रमांक 5 हरदुआ, चंदवार, तहसील रामनगर जिला सतना है। मेरा हाल मुकाम बिरसा मुंडा वार्ड कुठला पुरैनी है। समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम प्रशांत कुमार शुक्ला है। जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम प्रशांत शुक्ला है। दोनों नाम मेरे ही हैं। अतः अब आगे से मुझे प्रशांत शुक्ला के नाम से लिखा, पढ़ा व समझा जाये।

सूचनादाता- प्रशांत शुक्ला


## जिला अस्पताल में नहीं थम रहा रिफर करने का खेल

### जिस गर्भवती को गंभीर बताकर रिफर किया निजी अस्पताल में हुआ उसका सामान्य प्रसव

**कटनी, यशभारत।** शासन व प्रशासन की लाख कोशिशों के बावजूद जिले की स्वास्थ्य सेवाएं पटरी पर आने का नाम नहीं ले रही हैं। जिले के मुखिया कलेक्टर अवि प्रसाद प्रसव के रेफरल मामलों और स्वास्थ्य सुविधाओं की नियमित निगरानी कर रहे हैं। दो डॉक्टर और 26 नर्सिंग स्टॉफ को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। इसके बावजूद जिला मुख्यालय में ही जिले के सबसे बड़ी सरकारी जिला अस्पताल में रिफर करने का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीतीरात 12 बजे प्रसव पीड़ा से कराह रही गर्भवती महिला का बिना प्रसव कराए गंभीर बताकर ऑपरेशन के लिए जबलपुर रिफर कर दिया गया। परिजनों ने अस्पताल में ऑपरेशन की मांग की लेकिन डॉक्टर नहीं मानीं। बवाल हुआ तो पुलिस भी पहुंची लेकिन इसके बावजूद डॉक्टर नहीं मानीं। आखिरकार महिला की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे शहर के ही एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे और यहां हजारों रुपए फीस चुकाने के बाद सुरक्षित नार्मल प्रसव हो गया। परिजनों ने सरकारी डॉक्टर पर रुपए मांगने और कथित अस्पताल में भर्ती न करने पर डॉक्टर द्वारा जबरन रिफर किए जाने का आरोप लगाया है। कलेक्टर अवि प्रसाद को गई शिकायत में प्रसूता के पति रबर फैक्ट्री रोड निवासी अतुल निषाद ने आरोप लगाया है कि प्रसव पीड़ा होने पर वह पत्नी माया निषाद को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां डॉ. सीमा शिवहरे ने कहा कि पत्नी का सामान्य प्रसव नहीं होगा, बच्चा पलट गया है। पति ने आरोप लगाया कि डॉक्टर ने नर्सिंग स्टॉफ से कहलवाया कि 30-35 हजार रुपए का जुगाड़ कर लो नहीं तो ऑपरेशन नहीं होगा, ना ही सरकारी अस्पताल में और ना ही मेरे अस्पताल में। यह सुनकर पति घबरा गया और उसने भाई मनीष को जानकारी दी। भाई ने डॉक्टर से कहा कि ऑपरेशन तो सरकारी अस्पताल में भी हो जाएगा। परिजनों का आरोप है कि यह सुनकर डॉक्टर भड़क गई और कहा कि डॉक्टर हम हैं या तुम। इसके बाद गर्भवती माया निषाद का ऑपरेशन करने से मना कर दिया। पति का आरोप है कि डॉक्टर ने कहा कि उन्होंने धमकी दी कि अब कटनी में कहीं पर भी ऑपरेशन नहीं होने दूंगी। इसके बाद रात 12 बजे जबलपुर रिफर करने का कागज बनाकर भगा दिया।



### कर्ज लेकर निजी अस्पताल में कराया प्रसव

अतुल निषाद ने कहा कि रिफर करने के बाद रात में फिर सुविधा का लाभ नहीं मिला, रातभर अस्पताल में हमलोग परेशान होते रहे। पत्नी की हालत बिगड़ने पर वह रात में ही कर्ज में रुपए लिए और गर्भवती पत्नी को शहर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचा और प्रसव कराया। वहां पर सामान्य प्रसव हो गया। विरोध करने पर फर्जी एफआइआर करने की धमकी दी जाती है।

### ऑपरेशन के लिए तैयार नहीं थे परिजन

इस संबंध में डॉ. सीमा शिवहरे ने कहना है कि परिजनों द्वारा हंगामे की खबर मिलने पर मैं रात में पुलिस लेकर अस्पताल पहुंची। पुलिस के सामने बात की तो किसी ने नहीं कहा कि मैंने निजी अस्पताल बुलाया है। बच्चे की धड़कन तेज चल रही थी, सुबह ऑपरेशन कराने के लिए कहा गया गया लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया। झूठा आरोप लगाने पर व अभद्रता करने पर मैने डिलेवरी नहीं कराई और महिला को कोई समस्या न हो, इसलिए रिफर कर दिया था।

### इनका कहना है

मामला संज्ञान में आया है। परिजनों ने हंगामा किया व अस्पताल में कुछ लोगों के साथ वीडियो बनाते रहे। रात में किन कारणों से इस गर्भवती महिला को रिफर किया गया, प्रकरण की बारीकी से जांच कराई जाएगी। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**- डॉ.यशवंत वर्मा,** सिविल सर्जन


तांडव
दर्द का जानी दुश्मन
गठियावात
कमर दर्द
जोड़ो का दर्द
सूजन
मासपेशीयों का दर्द
तांडव तेल
सभी प्रकार के वात रोगों में उपयोगी
TANDAV HERBAL PHARMACY Customer Care : +91 7974979179

वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक चौदहा
एम.बी.बी.एस.डी.सी.एच.
क्लीनिक- राष्ट्रीय स्कूल के पास, घंटाघर रोड, कटनी
मरीज देखने का समय- 10.30 से 3 बजे तक
निवास- डन कॉलोनी बरगवां, कटनी
मरीज देखने का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक
सायं 6.30 से रात्रि 8 बजे तक
मो. 9893723087, 8319994375

डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

!! श्री गणेशाय !!
मो. 8369562213
7389842026
आर. के. इलेक्ट्रानिक एण्ड इलेक्ट्रिकल
हमारे यहाँ वाशिंग मशीन, फ्रीज, माइक्रोवेभ ओवन, हेयर ड्रायर, स्टीम आयरन, स्मार्ट टी.वी., फैन, मिक्सर ग्राइंडर, वाटर प्यूरीफायर एवं सभी इलेक्ट्रिकल आइटम रिपेयर किये जाते हैं।
शॉप नं.25 सूरज बैटरी के बगल से बस स्टैण्ड कटनी (म.प्र.)

SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ.दीपक सक्सेना
डॉ.शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

यशभारत हैल्पलाइन अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033

SGAT Johnson Pedder SETMAX CERAMIC AVENUE
शकुंतला ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स
सभी प्रकार के मार्बल, ग्रेनाईट टाईल्स, कड़प्पा, कोटा, सीमेंट सेनेटरी के थोक एवं फुटकर विक्रेता
पता- आस्था प्लाजा के बगल में बरगवां, कटनी (म.प्र.), मो. 9009767272, 7694800301, 9981895362
ईमेल- sgatkani11@gmail.com

MR DIY
NOW OPEN
City Mall - Katni



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)